रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024, वर्ष 10, अंक 331 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## One Nation One Election को मोदी कैबिनेट की मंजूरी, अब...




नई दिल्लीi : One Nation One Election यानी एक देश एक चुनाव के बिल को मोदी सरकार ने कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। सरकार संसद के चालू शीतकालीन सत्र में बिल ला सकती है। सबसे पहले यह बिल जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास जाएगा और फिर इस पर सभी सियासी दलों के सुझाव लिए जाएंगे। आखिर में यह बिल संसद में लाया जाएगा और इसको पास करवाया जाएगा। एक साथ चुनाव कराना भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में किए गए अहम वादों में से एक था। यह कदम मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली हाई लेवल कमेटी की सिफारिशों को मंजूर करने के बाद उठाया है।

यहां याद दिला दें कि साल 2023 में सितंबर महीने में इस महत्वाकांक्षी योजना पर आगे बढ़ने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में एक समिति का गठन किया गया था। कोविंद समिति ने अप्रैल-मई में हुए लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले मार्च में सरकार को अपनी सिफारिश सौंपी थी। केंद्र सरकार ने कुछ समय पहले समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया था। रिपोर्ट में 2 चरणों में चुनाव कराने की सिफारिश की गई थी। समिति ने पहले चरण के तहत लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने की सिफारिश की है। जबकि दूसरे चरण में स्थानीय निकाय के लिए चुनाव कराए जाने की सिफारिश की गई है।

इस कमेटी में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत आठ सदस्य थे। कोविंद के अलावा इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, डीपीए नेता नेता गुलाब नबी आजाद, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे शामिल थे। इनके अलावा 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ. सुभाष कश्यप और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी इस कमेटी का हिस्सा थे।

एक देश एक चुनाव (One Nation One Election) एक ऐसा प्रस्ताव है, जिसके तहत भारत में लोकसभा और राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की बात की गयी है। एक साथ चुनाव कराने का मकसद चुनावों में होने वाले खर्च में कम करना हो सकता है।

## झारखंड विधानसभा में 11697 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित




**रांची**। झारखंड विधानसभा सत्र के चौथे एवं अंतिम दिन गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी सहित उनके सहयोगी दलों के विधायकों ने सरकार के उत्तर से नाराज होकर सदन का बहिर्गमन किया। इस बीच अनुपूरक बजट के साथ ही तत्संबंधी विनियोग विधेयक को भी सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी के कटौती प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया।

राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए द्वितीय अनुपूरक बजट की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने साफ किया कि किसी विभाग की राशि को सरेंडर नहीं किया गया है जबकि चुनावी वर्ष में जिन विभागों की ओर से राशि खर्च करने में असमर्थता जताई गई, उसका उपयोग मंईयां सम्मान योजना और मुफ्त बिजली बिल के लिए इस्मेताल किया गया।

अनुपूरक बजट पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने अपने समापन भाषण में कहा कि इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ। इसके अलावा राज्यपाल का अभिभाषण और अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के बाद इसे मंजूरी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में सभी सदस्य अलग-अलग दलों से, अलग-अलग विचारधाराओं से, अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, लेकिन वो उम्मीद करते हैं कि पूर्व कार्यकाल के भांति मेरे सभी सदस्य एक परिवार जैसा लगे आत्मिक भाव हो। हमेशा मेरे जीवन में अविस्मरणीय हो, न पक्ष, न विपक्ष सब उनके लिए सदस्य हैं। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

### मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमिकों का वेतन रोकने और जालसाजी कर कैमरून भेजने वाले नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज

**रांची** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद कैमरून में फँसे झारखण्डी श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कैमरून (मध्य अफ्रीका) में फंसे झारखण्ड के 47 प्रवासी श्रमिकों के वेतन भुगतान ना किए जाने के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर श्रमायुक्त को निर्देश दिया है कि नियोजकों/नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमायुक्त ने नियोजकों/नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि नियोजकों/नियोक्ताओं और मिडिलमैन द्वारा उक्त श्रमिकों को अन्तर्राज्यीय प्रवासी श्रमिक (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 के अन्तर्गत बिना प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराये एवं बगैर लाइसेंस प्राप्त किए. घोखे एवं जालसाजी कर श्रमिकों को मध्य अफ्रीका स्थित कैमरून भेजा गया है जो गैरकानूनी है।

यह है मामला मुख्यमंत्री को विगत दिनों जानकारी प्राप्त हुई कि कैमरून में कार्यरत झारखण्ड के श्रमिकों की शिकायत प्राप्त हुई कि श्रमिक M/s Transrail Lighting Limited, कैमरून, सेंट्रल अफ्रीका में कार्यरत हैं। इन सभी श्रमिकों का तीन माह का वेतन लंबित है और वे भारत वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

## "झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य जहां...", क्या बोल गये CM हेमंत





**रांची**ः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन की उपज है। खून से सींचा गया राज्य है। यहां के लोग स्वाभिमानी हैं। जो ठान लेते हैं, वो तब तक नहीं रुकते, जब तक मंजिल न मिल जाये। मुख्यमंत्री हेमंत ने यह बातें छठी झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के आखिरी दिन यानी गुरुवार को गवर्नर के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर कहा। CM हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे पूर्व जितने भी अभिभाषण हुये, उनमें यह सबसे छोटा और अधिक दूरदर्शिता के साथ दिखाया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 2019 के बाद से परिवर्तन दिखा है। चाहे आधारभूत संरचना हो, पर्यटन हो या रोजगार सृजन हो। झारखंड देश का पहला राज्य है जहां श्रमिकों के लिए बेहतर कानून बनाया गया है। उन्होंने भाजपा विधायक सीपी सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बुर्जुग हो गए हैं। शहर को नया आयाम देने का काम किया गया है। रांची का चहुंमुखी विकास हुआ है। हर दिन एक नया अध्याय इस राज्य में जुड़ेगा। ये सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। गांव की अर्थव्यस्था नहीं बढ़ेगी तो राज्य के सर्वांगीण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। पूर्व में भी काम किया है आगे भी काम करेंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश के बड़े-बड़े उद्योग, बोकारो, एचईसी, सिंदरी खाद कारखाना लगे। यह उस समय की बात है, जब देश को टाटा-बिड़ला के नाम से जाना जाता था। इसके बावजूद लोग भूमिहीन, बेरोजगार और विस्थापित होने लगे। हमें गर्व है, उन महापुरूषों पर जिन्होंने अपना लक्ष्य साधे रखा। लंबी लड़ाई लड़ी। 2000 में नया राज्य बना। यह सही है कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने नए राज्य पर मुहर लगाई लेकिन अलग राज्य की लड़ाई में दस महीने नहीं, वर्षों बरस लग गए। इस पीड़ा को हम लोगों से अधिक कोई नहीं समझ सकता। 2019 तक इस राज्य को दलदल में धकेलने का ऐसा प्रयास किया गया कि दोबारा उबर नहीं सके। 2019 में गठबंधन की सरकार बनी। इसके बाद भी सत्ता से बेदखल करने के कई हथकंडे अपनाए गए। आज दोबारा सरकार को इस मुकाम में पहुंचाने में जनता की भूमिका है।

### बिग ब्रेकिंग



**हजारीबाग//** जिले के मटवारी गांधी मैदान में लगे डिज्नीलैंड मेले में लगी आग, हादसे में 10 से 12 लाख रुपये के सामान जलकर खाक। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



**नई दिल्ली** । राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा आज भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर के रूप में पदभर ग्रहण करेंगे। वे शक्तिकांत दास की जगह लेंगे जो मंगलवार को सेवा मुक्त हुए। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1990 बैच के आईएएस अधिकारी और राजस्व विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत संजय मल्होत्रा को RBI गवर्नर के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी। उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा।

## अडानी मुद्दे पर संसद में हंगामे से सद्गुरु निराश, बोले- राजनीतिक



**नई दिल्ली**। सद्गुरु ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय व्यवसायों को आगे बढ़ना चाहिए। यही एकमात्र तरीका है जिससे भारत भव्य भारत बनेगा। जैसे ही सत्र शुरू हुआ, कांग्रेस सांसदों ने अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा अडानी ग्रीन के निदेशकों को दोषी ठहराए जाने पर चर्चा पर जोर दिया। आध्यात्मिक नेता सद्गुरु ने अडानी मुद्दे पर संसद में चल रहे विरोध प्रदर्शन पर जोर देते हुए आग्रह किया है कि धन सृजन करने वालों और नौकरी प्रदाताओं को राजनीतिक विवादों में नहीं घसीटा जाना चाहिए। उन्होंने देश के विकास और भविष्य के लिए उनके महत्व पर जोर देते हुए भारतीय व्यवसायों की समृद्धि का आह्वान किया। सद्गुरु ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भारतीय संसद में व्यवधान देखना निराशाजनक है, खासकर तब जब हम दुनिया के लिए लोकतंत्र का प्रतीक बनने की आकांक्षा रखते हैं। भारत के धन सृजनकर्ताओं और नौकरी प्रदाताओं को राजनीतिक बयानबाजी का विषय नहीं बनना चाहिए... यदि विसंगतियां हैं, तो उन्हें कानून के ढांचे के भीतर नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन राजनीतिक फुटबॉल नहीं बनना चाहिए।

## महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार 14 को, अजित ने की पुष्टि; पीएम मोदी से मिले सीएम फडणवीस



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने मेरे और अजित पवार के दिल्ली आने के बारे में बहुत सी खबरें चलाई हैं कि यह मंत्रिमंडल विस्तार से संबंधित है। मैंने उन्हें देखा है, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट करना चाहूंगा कि मैं पार्टी से संबंधित बैठकों में आया हूं और अजित पवार भी कुछ जरूरी मुद्दों पर बैठक के लिए आए हैं। महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल का विस्तार 14 दिसंबर को होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने इसकी पुष्टि की। शरद पवार से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि मैं एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार को उनके जन्मदिन पर बधाई देने गया था। जहां तक बात कैबिनेट विस्तार की है तो महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार 14 दिसंबर को होगा। महाराष्ट्र के परभणी शहर में हुई हिंसा पर उन्होंने कहा कि कल रात से स्थिति नियंत्रण में है। वहां कानून-व्यवस्था ठीक है। अमित शाह से मुलाकात पर विस्तार से बताते हुए पवार ने कहा कि उन्होंने कहा कि उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में चार गुना वृद्धि की गई, लेकिन एमएसपी में वृद्धि नहीं की गई। इसलिए मैंने उनसे गन्ने का एमएसपी बढ़ाने का अनुरोध किया है।इस बीच महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने मेरे और अजित पवार के दिल्ली आने के बारे में बहुत सी खबरें चलाई हैं कि यह मंत्रिमंडल विस्तार से संबंधित है। मैंने उन्हें देखा है, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट करना चाहूंगा कि मैं पार्टी से संबंधित बैठकों में आया हूं और अजित पवार भी कुछ जरूरी मुद्दों पर बैठक के लिए आए हैं। यह उनका काम है। इसलिए इन बातों पर ज्यादा अटकलें लगाने की जरूरत नहीं है। हमारी पार्टी में संसदीय बोर्ड और हमारा वरिष्ठ नेतृत्व फैसले लेता है। जहां तक भाजपा कोटे से मंत्री बनाने की बात है, तो हम इस पर फैसला लेंगे। इसी तरह एनसीपी और शिवसेना अपने स्तर पर अपने मंत्रियों के नाम तय करेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार का फॉर्मूला पहले से तय है।

## 'हम तो बोले थे मणिपुर, वो समझ बैठे करीना कपूर', कपूर परिवार से पीएम की मुलाकात पर पवन खेड़ा का तंज



रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर, करिश्मा कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, आदर जैन, अरमान जैन और नीतू कपूर सहित कपूर परिवार के कई सदस्यों ने पीएम के साथ एक समूह तस्वीर खिंचवाई।

बॉलीवुड के मशहूर कपूर परिवार ने मंगलवार को राज कपूर फिल्म फेस्टिवल में आमंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की, जिसके बाद कांग्रेस ने उन पर तंज कसा। 13 दिसंबर से शुरू होने वाला यह उत्सव राज कपूर की शताब्दी की जयंती मनाता है, जो उनकी विरासत के 100 साल पूरे होने का प्रतीक है। बैठक पर तंज कसते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, 'हम तो बोले थे मणिपुर, वो समझ बैठे करीना कपूर।'' फिलहाल यह ट्वीट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

## विदेशी फंडिंग केस, भीड़ ने मुफ्ती को NIA से छुड़ायाःछापे के बाद मस्जिद से अनाउंसमेंट, महिलाओं ने टीम को घेरा

**झांसी** एनआईए की टीम मुफ्ती को ले जाने लगी तो बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच गईं। टीम को घेर लिया, फिर मुफ्ती को छुड़ाकर ले गई। उत्तर प्रदेश के झांसी में शहर काजी के भतीजे मुफ्ती खालिद नदवी को उग्र भीड़ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की हिरासत से छुड़ाकर ले गई। NIA ने यूपी ATS के साथ विदेशी फंडिंग मामले में बुधवार रात 2.30 बजे सुपर कॉलोनी में मुफ्ती के घर छापा मारा। टीम ने 8 घंटे तक घर में तलाशी और पूछताछ की। गुरुवार सुबह जब मुफ्ती को हिरासत में लेकर टीम घर से बाहर निकलने लगी तो समर्थकों ने विरोध शुरू कर दिया। टीम ने समझाने की कोशिश की, लेकिन मुफ्ती के समर्थक बहस करने करते हुए उग्र हो गए। देखते ही देखते वहां 200 से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई, इनमें ज्यादातर महिलाएं थीं।

**विदेशी बच्चों को भी ऑनलाइन तालीम देते हैं मुफ्ती : NIA सूत्रों ने बताया- मुफ्ती के घर विदेशी फंडिंग के मामले में छापा मारा गया। मुफ्ती खालिद मदरसे में पढ़ाने के साथ ही विदेशी बच्चों को दीनी तालीम यानी धार्मिक शिक्षा देते हैं। वह उर्दू और अरबी भी पढ़ाते हैं। विदेशी फंडिंग मामले की जांच कर रही NIA को मुफ्ती को लेकर इनपुट मिला था। इसके बाद टीम ने यहां छापेमारी की।**



## AI इंजीनियर सुसाइड केस- पुलिस पहुंचने से पहले रात 1.30 बजे ससुराल वाले घर छोड़कर भागे

**जौनपुर** इंजीनियर अतुल सुभाष का साला और सास बुधवार देर रात को जौनपुर में घर का ताला बंद करके कहीं चले गए। बेंगलुरु पुलिस के जौनपुर पहुंचने से पहले सुसाइड करने वाले AI इंजीनियर अतुल सुभाष की सास और साला घर छोड़कर भाग गए। देर रात तक 12 बजे इंजीनियर की ससुराल के घर के बाहर मीडियाकर्मियों का जमावड़ा रहा। जैसे ही मीडियाकर्मी वहां से हटे, बुधवार रात डेढ़ बजे सास निशा और साला अनुराग सिंघानिया ने घर पर ताला लगाया। गली से भागते हुए सास मेन सड़क पर पहुंची। बेटा बाइक लेकर वहां खड़ा हुआ था। इसके बाद मां-बेटे फरार हो गए। कहां गए? यह बात पता नहीं चली है।



इंजीनियर की 84 हजार हर महीने सैलरी थी। लड़की भी दिल्ली में अच्छा पैसा कमा रही थी। दोनों का एक बेटा है। कोर्ट ने सभी चीजों को देखते हुए इंजीनियर को 40 हजार महीने मेंटेनेंस देने की बात कही थी। 40 हजार रुपए इंजीनियर को ज्यादा लग रहा था। उसने इन सबकी वजह से सुसाइड करने की बात कही है। इसमें कोर्ट की कोई गलती नहीं है।

# जमशेदपुर शहर में लगातार चलेगा एंटी क्राइम चेकिंग



**जमशेदपुर** देर रात शहर का जायजा लेने पहुंचे SSP किशोर कौशल ने एंटी क्राइम चेकिंग में लगे पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नए साल पर लोग नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें। ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाएगी। नशे में वाहन चलाने वालों को पकड़ा जाएगा, उनके वाहन जब्त किए जाएंगे और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एडीएम के नेतृत्व में टीम ने किया वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण



**धनबाद** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम ने नया बाजार से धनसार चौक तक सड़क का निरीक्षण किया।

इस संदर्भ में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने बताया कि बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मती के लिए फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहनों का आवागमन बंद किया जाएगा। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग के तौर पर आज अधिकारियों की टीम के साथ सड़क का निरीक्षण किया गया।

टीम ने नया बाजार से बैंक मोड, बैंक मोड़ से धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर वाले मार्ग, बरमसिया मोड़, डेमियन सोशल वेलफेयर मोड़ तक मार्ग का निरीक्षण किया। वहां से पुनः टीम ने मनईटांड होते हुए हावड़ा मोटर तथा हावड़ा मोटर चौराहे से शक्ति पथ होते हुए धनसार चौक तक वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में वैकल्पिक मार्ग पर वाहनों के सुगम आवागमन के लिए विचार विमर्श किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता ओम प्रकाश, कनीय अभियंता नसीम अख्तर, नगर निगम के सिटी मैनेजर विशाल कुमार सिन्हा, फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार तथा ठेकेदार संजय गोटीवाले सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाये रखना छात्रों की भी जवाब देही हैः स्कूल प्राचार्य



**बोकारो** । केन्द्रीय विद्यालय-3 बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य कृष्ण कुमार के द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व के बारे में बताया गया। जिला परामर्शी ने बच्चों को अपने चर्चा के दौरान बताया कि तम्बाकू में पाया जाने वाला नशीला पदार्थ निकोटीन से बच्चों में चिन्ता, नींद न आना, चिडचिडापन एवं अवसाद जैसे गम्भी समस्यायें हो सकती हैं।

जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि यदि आप तम्बाकू का सेवन करते है या आपके आसपास कोई सेवन करता है और वह तम्बाकू के लत को छोडना चाहता है और कई बार प्रयास करने पर भी नही छोड पाता है तो उसे तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल के 13 नं0 ओ0पी0डी0 में भेजें ताकि उन्हें तम्बाकू छुडाने में मदद की जा सके। तम्बाकू का मतलब बीमारियों बीमारियों का भण्डारा-*परमार्शी स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया तम्बाकू को एक लाईन में परिभाषित करें तो तम्बाकू का मतलब बीमारियों बीमारियों का भण्डारा। चाहे आप इसे धुएं के शकल में लें या चबाकर खाये। यह मानव शरीर में जाकर विभिन्न प्रकार के बीमारियों को उत्पन्न करता है और फिर उस बीमारी से लोगों की मौत हो जाती है। इस लिये तम्बाकू मानव शरीर को धीरे धीरे खोखला करता है। हम सभी से अनुरोध करना चाहते है कि इस लत से बचें और एक जिम्मेदार नागरिक के नाते अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव से अवगत कराये।

कार्यक्रम के दौरान सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# सात अभियुक्तों को तमाड थाना क्षेत्र अन्तर्गत रंगामाटी गांव के पास से लूटी गई राशि (145000) तथा मोबाईल फोन बरामद किया



**जमशेदपुर** वरीय पुलिस अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक महोदय, ग्रामीण के मार्ग दर्शन में दिनांक-08.12.2024 को Maa Tara Construction Pvt Ltd में घटित लूट की घटना के उद्भेदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक पटमदा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 72 घंटे के अन्दर कांड का उद्भेदन कर कांड में संलिप्त सभी सात अभियुक्तों को तमाड थाना क्षेत्र अन्तर्गत रंगामाटी गांव के पास से लूटी गई राशि (145000) तथा मोबाईल फोन एवं डकैती में प्रयुक्त पिस्टल एवं स्विफ्ट डिजायर कार को बरामद कर जप्त कर लिया गया है। और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विधानसभा में बोलीं कल्पना सोरेन, अबुआ सरकार ने चुनाव प्रचार के दौरान जो वादे किए हैं वो सब पूरा करेगी

जेएमएम की गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि अबुआ सरकार चुनाव प्रचार के दौरान किए गए हर वादे को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि बिजली बिल माफी, मंईयां सम्मान योजना, हरा कार्ड और कृषि ऋण माफी जैसी योजनाओं को जनता का समर्थन मिला है।

कल्पना सोरेन ने कहा है कि रांची के आस-पास पर्यटन के इतने मौके हैं और इस पर ध्यान देने की जरुरत है। इंडिया गठबंधन की जीत में दो कारणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनता बीजेपी के प्रति गुस्सा रहा है, बीजेपी ने जेएमएम गठबंधन सरकार को गिराने के कई कोशिशें की और दूसरा कारण हैं कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजना।

कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन सोना झारखंड बनाने का वादा कर चुके हैं और इसमें सफलता मिलेगी। कल्पना सोरेन ने कहा पीएम आवास के आवंटन में झारखंड को सबसे नीचे रखा जाता है, खेलो इंडिया में भी झारखंड को नीचे रखा जाता है । मजदूरों को भी न्यूनतम राशि दी जाती है।



# हजारीबाग में उत्पन्न हुए विधि-व्यवस्था के संबंध में तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इस हेतु समीक्षा बैठक की गयी

**रांची**। पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक झारखण्ड, राँची की अध्यक्षता में हजारीबाग में उत्पन्न हुए विधि-व्यवस्था के संबंध में तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु समीक्षा बैठक की गयी। इस बैठक में डॉ० संजय आनन्दराव लाठकर अपर पुलिस महानिदेशक अभियान, अमोल विनुकांत होमकर पुलिस महानिरीक्षक अभियान, प्रभात कुमार पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा, अनुप बिरथरे पुलिस उप-महानिरीक्षक द०छो०क्षेत्र राँची, कार्तिक एस० पुलिस उप-महानिरीक्षक विशेष शाखा, अमित रेणु पुलिस अधीक्षक अभियान झारखण्ड राँची भौतिक रूप से तथा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से श्री सुनिल भास्कर पुलिस उप-महानिरीक्षक उ०छो०क्षेत्र हजारीबाग, सुरेन्द्र झा पुलिस उप-महानिरीक्षक कोयला क्षेत्र बोकारो, वरीय पुलिस अधीक्षक राँची/धनबाद एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग / लोहरदगा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के कम में पुलिस महानिदेशक द्वारा निम्न विशेष दिशा-निर्देश दिये गयेः- 1.दिनांक-11.12.2024 को हजारीबाग में जो घटना हुई, भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो उसके लिए हजारीबाग समेत विभिन्न जिलों में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। 2.अगर कोई व्यक्ति गलत अफवाह या सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट शेयर करता है तो उसे चिन्हित कर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। 3. आसूचना तंत्र को मजबूत किया जाय ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। 4.सभी जिला के पुलिस अधीक्षक आवश्यक सुराक्षात्मक एवं निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।





# एडीएम लॉ एंड आर्डर ने की पीएम विश्वकर्मा, पीएम-एफएमई एवं डीएलईपिसी की बैठक

**धनबाद**। एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत शिल्पकारों एवं कारीगरों को सहायता उपलब्ध कराने हेतु आर्टिजनों का वेरिफिकेशन एवं योजना की समीक्षा संबंधी बैठक, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PM-FME) के कार्यान्वयन हेतु समीक्षा बैठक एवं जिला स्तरीय निर्यात्त संवर्धन समिति (DLEPC) के सदस्यों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में कई गई।



इस दौरान बैठक में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक योग्य लाभुकों का आवेदन प्राप्त कर योजना के तहत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एडीएम लॉ एंड आर्डर नें निर्धारित गाइडलाइंस के तहत कार्य करते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय स्थापित कर लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने पीएम विश्वकर्मा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस योजना से अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले जिले के हजारों कारीगरों और शिल्पकारों को सीधे लाभ होगा। साथ ही पारंपरिक और विरासत शिल्प के संरक्षण में योगदान देने वाले कारीगरों और शिल्पकारों के जीवन में बदलाव आएगा। यह योजना कारीगरों और शिल्पकारों को विश्वकर्मा (पारंपरिक कारीगर) के रूप में मान्यता देने में सक्षम बनाएगी। जिससे वे योजना के तहत लाभ उठाने के पात्र बन जाएंगे।

इसके अलावा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की समीक्षा करते हुए एडीएम लॉ एंड आर्डर ने निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना सुनिश्चित करें। बैठक में सभी डीआरपी को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया। वर्तमान समय में लोगों को इस योजना के संबंध में जागरूक करते हुए उन्हें योजना की सम्पूर्ण जानकारी देने का निर्देश डीसी ने दिया। उन्होंने जिले के बैंकवार लक्ष्य एवं योजना की प्रगति की बिंदूवार समीक्षा की।

साथ हीं जिला स्तरीय निर्यात्त संवर्धन समिति (DLEPC) के सदस्यों के साथ बैठक कर जिले में मौजूदा निर्यातकों पर व्यापक डाटा वेस तैयार करने, उद्योग / व्यापारियों की पहचान करने जो अन्य व्यापारियों के माध्यम से निर्यात कर रहें हैं, निर्यात के लिए संभावित उत्पादों वाले उद्योगों / व्यापारियों की पहचान करने एवं निर्यात संगठनों एवं एजेंसियों की स्थानीय समस्याओं पर विचार-विमर्श करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राजेन्द्र प्रसाद, सहायक श्रम आयुक्त प्रवीण कुमार, एलडीएम अमित कुमार, ईओडीबी प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र श्री आदित्य चौधरी, महासचिव (जिटा) श्री राजीव शर्मा, सचिव चेंबर ऑफ कॉमर्स राजेश गुप्ता, जीआरएमए सदस्य श्री पन्ना रक्षित समेत बैंक के प्रतिनिधि समेत अन्य मौजूद रहें।

# कांग्रेस की विधानसभा चुनाव को लेकर हुई समिक्षा बैठक

**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण आश्रम में हजारीबाग विधानसभा में हुए चुनाव के नतीजे को लेकर एक समिक्षा बैठक बरही विधानसभा, मान्डु विधानसभा तथा बड़कागांव विधानसभा का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें की । इस बैठक मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला चुनाव समिक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की तथा विशिष्ट अतिथि जिला चुनाव समिक्षा समिति के सदस्य सुल्तान अहमद, रविन्द्र झा तथा संविधान रक्षक अभियान के जिला संयोजक शांतनु मिश्रा उपस्थित हुए ।

बैठक में प्रदेश पदाधिकारी वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदेश प्रतिनिधि जिला के पदाधिकारी कार्यकारिणी के सदस्य प्रखंड अध्यक्ष प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मंच मोर्चा के अध्यक्ष तथा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचारों को रखा । जिला समिक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने लोगों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुन कर कहा कि जिला के विधान सभाओं में पार्टी की जो हार हुई है इस समिक्षा बैठक में छन कर आई है । इन सभी बिंदूओं को प्रदेश के उच्च पदाधिकारी के सामने रख कर कहां भुल और कहां चुक हुई इस पर चिंतन और मंथन कर इसे दुरूस्त किया जाएगा ताकि आने वाले लोकसभा या विधानसभा में इसकी पुनरावृति न हो । उन्होंने कहा कि इस हार से कांग्रेस हताश नही है । झारखंड में महागठबंधन की सरकार है । हम सरकार द्वारा संचालित जन हित में लाभकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं । प्रवक्ता निसार खान ने बताया की बरही विधानसभा के प्रत्याशी अरूण साहु माण्डु विधानसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे ।

# राशन कार्ड से ले कर धोती-सारी तक के लिये मंत्री इरफान का बडा ऐलान

रांची : झारखंड सरकार के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट बिल्डिंग के एनेक्सी भवन में आयोजित की गई। बैठक में विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी और राज्य के विभिन्न विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बैठक में विभागीय कार्यों की गहराई से समीक्षा करते हुए साफ संदेश दिया कि यह विभाग गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों से सीधा जुड़ा है। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य घोषणाएं और निर्देश : 1. राशन कार्ड से अधिकतम उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य : मंत्री ने कहा कि राज्य के लगभग 5.5 लाख उपभोक्ताओं को राशन कार्ड से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी परिवार अनाज के अभाव में भूखा न रहे। 2. सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजनाः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल के तहत बंदना और सोहराय पर्व के अवसर पर बेहतर गुणवत्ता की धोती, लूंगी और साड़ी का वितरण किया जाएगा। मंत्री ने इस योजना में पूर्व में हुई गड़बड़ियों की शिकायतों पर सख्ती से जांच कराने और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया।3. खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चावल वितरण में बढ़ोतरीः झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चावल का वितरण 5 किलो से बढ़ाकर 7 किलो किया जाएगा। 4. झारखंड का धान राज्य के भीतर ही उपयोगःराज्य में उत्पादित धान को झारखंड के बाहर नहीं भेजा जाएगा। सभी संसाधनों का उपयोग झारखंड के लोगों के लिए ही किया जाएगा। 5. पहाड़ी क्षेत्रों में चावल की पहुंचः मंत्री ने कहा कि झारखंड की दुर्गम पहाड़ी इलाकों में भी चावल को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि कोई भी परिवार वंचित न रह सके। 6. आउटसोर्सिंग से एजीएम की नियुक्तिः विभाग को और अधिक सक्षम बनाने के लिए 286 एजीएम की बहाली आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाएगी। 7. गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोरः मंत्री ने कहा कि विभाग 2G नहीं, 5G की स्पीड में काम करेगा और सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किए जाएंगे।मंत्री इरफान अंसारी ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि गलत कार्य करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी, जबकि अच्छा काम करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। आगे मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, "यह विभाग झारखंड के गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों की जीवन रेखा है। इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। हेमंत सोरेन सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिए दृढ़संकल्प है और राज्य के हर नागरिक को इसका लाभ मिलेगा। विशेष रूप से, जामताड़ा के उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।" इस बैठक के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि राज्य सरकार अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।



# हेमंत सरकार की घोषणा लागू करने के और, वोट पाने के कुछ औरः बाबूलाल मरांडी

**रांची**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज छठे विधानसभा के प्रथम सत्र के समापन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार की कथनी और करनी में आसमान जमीन का अंतर है।इनकी घोषणा चुनाव के दौरान कुछ और थी जबकि अब सत्ता पाने के बाद कुछ और हो गई। कहा कि वोट पाने केलिए बढ़ चढ़कर वादे किए लेकिन अब व्यवहार में कुछ और हो रहा है। उन्होंने कहा कि 18से 50वर्ष की सभी महिलाओं को महिला योजना का लाभ देने की बात करने वाली सरकार अब वादों से मुकर रही है । अब तो महिलाओं से पैसे वापस लेने केलिए पदाधिकारी पत्र जारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा सत्ता के बाद नीति में इतना बड़ा यू टर्न राज्य की जनता ने पहले कभी नहीं देखा।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मईयां योजना की तरह राज्य सरकार ने किसानों को भी धोखा दिया है। राज्य सरकार ने चुनाव पूर्व घोषणा किया था कि किसानों से धान की खरीदी 3200रुपए प्रति क्विंटल होगी जबकि सरकार ने मात्र 2400रुपए प्रति क्विंटल खरीद का निर्णय लिया है वह भी 15 दिसंबर के बाद। पता नहीं यह भी लागू होगा या नहीं । बालू की किल्लत पर श्री मरांडी ने कहा कि यह पिछले टर्म से ही होता चला आ रहा। सरकार जानबुझकर ऐसा करवा रही। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास,अबुआ आवास केलिए मुफ्त बालू उपलब्ध कराए जाने का राज्य सरकार से आग्रह किया। श्री मरांडी ने सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली की जांच सीबीआइ से कराए जाने की मांग को फिर से दोहराते हुए युवाओं को न्याय दिलाने की बात कही। **जैसी वृत्ति ,वैसे शब्द** आज सदन में हेमलाल मुर्मू द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान पर श्री मरांडी ने कहा कि जिसकी जैसी वृति होती है उसके शब्द भी वैसे ही होते हैं। कहा कि इतने वरिष्ठ सदस्य से इस प्रकार की भाषा की उम्मीद नहीं । कहा कि हेमलाल जी के शब्दों में उनके सोच का प्रकटीकरण हुआ है ।

# विकास कार्य में लगे ठेकेदारों को धमकी देकर वसूली करने वाले चार अपराधी गिरफ्तार



**रामगढ़** : जिले के कुख्यात पांडेय गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन अपराधियों पर ठेकेदारों और एजेंसियों से लेवी मांगने और धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने इनसे दो मोबाइल, बाइक और स्कूटी बरामद की है। रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि पांडेय गिरोह जिले में विकास कार्यों में लगे संवेदकों और व्यापारियों से रंगदारी की मांग कर रहा था। निर्माण कार्य बंद न करने पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं।

# जामताड़ा पुलिस ने किया 4 साईबर अपराधियों को गिरफ्तार, फर्जी गैस कंपनी के अधिकारी बन करते थे ठगी



**जामताड़ा** : जामताड़ा जिले को साइबर अपराध मुक्त करने की दिशा में जामताड़ा साइबर अपराध थाना के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साईबर अपराध थाना के पुलिस निरीक्षक जयन्त तिर्की के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने नारायणपुर थानान्तर्गत ग्राम मिरगा में साईबर अपराधियों के विरूद्ध छापामारी कर साईबर अपराध करते हुए 4 साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसमें एक के नाबालिक होने पर उसे निरूद्ध किया गया है। वहीं 3 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी को हटाने को लेकर बैठक आयोजित



खूँटी पुलिस अधीक्षक, खूँटी के नेतृत्व में रानियाँ थाना अंतर्गत खटखुरा पंचयात के केनबांकी गाँव में तथा ताम्बा पंचायत (चाईबासा जिला के सीमावर्ती क्षेत्र) के ताम्बा गाँव में मंजू सुरीन मुखिया खटखुरा , सोमा मुंडा ग्राम प्रधान केनबांकी, वार्ड मेंबर तथा सुषमा डहंगा, मुखिया, ताम्बा पंचायत तथा दोनों गाँव के अन्य ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। बैठक में देश के कानूनी प्रावधान तथा कानूनी करवाई के बारे जानकारी देते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिला के नक्सल/ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा अपराधियों एवं उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंद्रा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसे घटना में शामिल नही होने तथा उग्रवादी/ अपराधी/नक्सली कि जानकारी होने अथवा पकड़े जाने पर थाना या वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने के साथ ही साथ अफीम- पोस्ता, गांजा इत्यादि मादक पदार्थो कि खेती नही करने, उससे होने वाले नुकसान एवं कानूनी करवाई के बारे, डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी/ बाल व्यापार, यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, पुलिस से मदद पाने हेतु डायल-112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने कि जानकारी देते हुये जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में पुलिस एवं जनता बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिये आमजन से सुझाव लिया गया तथा उनकी समस्या से अवगत होते हुये समाधान का प्रयास किया गया।उक्त बैठक में खिरिस्टोफर केरकेटा,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा, अशोक कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक तोरपा अंचल एवं विकास कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी रानियाँ उपस्थित रहे।



**साहेबगंज**। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 19 मामलों को रखा गया। जिसमें अनुकंपा समिति द्वारा 08 मामलों का निष्पादन किया गया !!



! साहेबगंज ।समहरणालय परिसर में उपायुक्त हेमंत सती के हाथों देर शाम समाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा 13 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। !!



साहेबगंज।जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का निरीक्षण किया गया । !!



साहेबगंज।जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न संस्थानों में नियुक्त व्यक्तियों के चरित्र सत्यापन, मानवाधिकार, लोकायुक्त आयोग कार्यालय से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की !!

## 48 घंटे के भीतर…", टेंपो चालकों का अल्टीमेटम… जानें क्या है



पलामूः पलामू मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ न होने, ऑटो, ई-रिक्शा चालकों के साथ दुर्व्यवहार और शोषण के खिलाफ गुरूवार से झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के बैनर तले समाहरणालय के सामने ऑटो चालकों का अनिश्चितकालीन आन्दोलन शुरू हो गया। अध्यक्षता पलामू अध्यक्ष रामाकांत दुबे एवं नेतृत्व बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय संयुक्त सचिव सह मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह ने किया।

धरना के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी दी गयी कि 48 घंटे के भीतर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो ऑटो चालक हड़ताल पर चले जायेंगे और चक्का जाम किया जाएगा। नौ सूत्री मांग पूरी करने का आग्रह किया गया। मौके पर राकेश सिंह ने कहा कि शहर के बीचो-बीच बस स्टैंड कई वर्षों से स्थापित होने, बढ़ती जनसंख्या के कारण आए दिन शहर की सड़कें अत्यधिक जाम रहती है जिस कारण ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य छोटे वाहनों के चालक प्रशासनिक कोपभाजन बन रहे हैं। नगर निगम के जरिये अवैध तरीके से एक वाहन से दिन में तीन से चार बार पार्किंग शुल्क वसूला जाता है, जबकि प्रशासनिक पहल पर निर्णय हुआ था कि एक वाहन प्रतिदिन मात्र एक बार ही नगर निगम शुल्क रसीद कटायेंगे।

धरना में विवेक कुमार सिंह, सत्यम दुबे, अनुज मिश्रा, अरविंद कुमार, संतोष शुक्ला, रंजीत पासवान, यासीन अंसारी उर्फ गोल्डन, रिंकू पांडेय, इम्तियाज अंसारी, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित दर्जनों ऑटो एवं ई रिक्शा चालक शामिल थे।

## भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल में गीता यज्ञ संपन्न



**सिल्ली** : सिल्ली के कुटाम स्थित भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल परिसर में बुधवार को श्रीमद् भगवत गीता यज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गयी। गीता जयंती के अवसर गुरुकुल आश्रम में बने यज्ञ कुंड में पूर्णाहुति दी गयी। गुरुकुल के आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ किया। मौके पर कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंडों में हवन-पूजन कर पूर्णाहुति दी। मौके पर गौ पूजा के साथ साथ मंगल आरती भी की गयी। गीता यज्ञ के दौरान भंडेरा का आयोजन किया गया। यज्ञ में पहुंचे श्रद्धालुओं ने यहां हवन पूजन कर भंडारे में सामुहिक रुप से प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर प्रवचन का भी आयोजन कर गीत के रहस्यों की जानकारी दी गयी।

# पर्यावरण की शुद्धि के लिए यज्ञ करना जरूरी है : राजीव





**रजरप्पा** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत अंतर्गत पोना पर्वत धाम (बघलता) में बुधवार से गीता जयंती के अवसर पर पांच दिवसीय श्री गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम से पूर्व सैकड़ों संख्या में श्रद्धालु महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी बने कलाकार आकर्षक का केंद्र रहे। इन कलशों को नए नए परिधानों में सजी महिलाओं ने सिर पर धारण किया जिसके बाद यात्रा रवाना हुई। भागवत पुस्तिका को सिर पर धारण कर श्रद्धालु यात्रा में आगे आगे चल रहे थे। यात्रा में डीजे की भक्तिमय धुनों पर युवक एवं युवतियां नाचने का आनंद ले रहे थे। इस दौरान मुख्य रूप में मौजूद जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल एवं युवा सामजसेवी रमेश दांगी के द्वारा झंडा दिखाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि यज्ञ का उद्देश्य व्यक्ति उपासना, साधना, आराधना अंशदान समय दान जीवन में धारण करें तथा इससे मनोवांछित फल की भी प्राप्ति होती है। यही नहीं यज्ञ का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण एवं समाज कल्याण के लिए संपन्न कराना अति आवश्यक है। पर्यावरण की शुद्धि के लिए यज्ञ करना जरूरी है। पर्यावरण शुद्ध रहेगा तो पृथ्वी पर रहने वाले समस्त जीव खुशहाल रहेगा।

वही श्री दांगी ने कहा कि यज्ञ से मानव जाति में कल्याण के साथ-साथ ज्ञान की वृद्धि होती है हमारा देश भक्ति श्रद्धा भाव के लिए संसार में जाना जाता है तथा यहां की पावन भूमि पर ही परमात्मा का अवतार होता रहा है। पूजा अर्चना का कार्य आत्मदर्शी मानव समाज, लुगू, पोना एवं रजरप्पा धाम के आश्रामाचार्य गोस्वामी रामशरण गिरी के देख रेख में कोचीनाला तट पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना संपन्न हुआ। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारे व भजनों से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो उठा। यज्ञ हवन, पूजा-अर्चना, प्रवचन, एवं रात्रि में जागरण झांकी प्रस्तुत की जाएगी। यहां पहुँचे अथितियों का स्वागत समिति द्वारा चुनरी ओढ़ाकर किया गया. मौके पर समिति के संरक्षक कन्हैया दांगी, अध्यक्ष उमेश कुमार, उपाध्यक्ष तुलेश्वर कुमार, सचिव नेमचंद राम दांगी, उप सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष होनी कुमार, उप कोषाध्यक्ष सूरज कुमार सहित धर्मप्रेमी निरंजन महतो, संतोषी महतो, प्रदीप कुमार, विकास कुमार, राजीव दांगी, मनोज कुमार, सोनू कुमार, बसंत कुमार, राहुल कश्यप, किशोरी महतो, सचिन कुमार, अजय कुमार, अरुण कुमार, संजय कुमार, बिहारी कुमार आदि मौजूद थे।

# नागपुरी फिल्म जनी शिकार का मुहूर्त संपन्न



करम टोली चौक रांची स्थित प्रेस क्लब के सभागार में ए.के. सिने हाउस के बैनर तले एवं निर्देशक आदित्य कुमार के निर्देशन में बनने वाली नागपुरी फिल्म जनी शिकार का मुहूर्त संपन्न हुआ। मुहूर्त कार्यक्रम में फिल्म से संबंधित सभी मुख्य कलाकार एवं टेक्नीशियन शामिल हुए। इस अवसर पर प्रेस को संबोधित करते हुए फिल्म के निर्माता निर्देशक आदित्य कुमार ने कहा कि जानी शिकार आदिवासी इतिहास पर आधारित एक नागपुरी फिल्म है जिसे कई और क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार करने की संभावना है। इस फिल्में जहां आदिवासी समाज के शोषण और उत्थान को दर्शाया गया है वहीं नारी शक्ति को पहली प्राथमिकता दी गई है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म झारखंड राज्य में एक मील का पत्थर साबित होगी। फिल्म से संबंधित सभी कलाकार और टेक्नीशियन अपने काम को लेकर काफी उत्साहित है। फिल्म का विषय वस्तु काफी रोचक है क्योंकि इसका संबंध इतिहास की सच्ची घटनाओं से है। फिल्म की शूटिंग दिसंबर माह से शुरू होगी और फरवरी 2025 में शूटिंग पूरी कर ली जाएगी एवं अप्रैल 2025 में फिल्म को सिनेमा हॉल में प्रदर्शित किया जाएगा पूर्ण ग्राम। आज के मुहूर्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड का छैला फिल्म के निर्माता-निर्देशक श्री अनिल सिकदर,एक्शन निर्देशक मास्टर मोहम्मद शहाबुद्दीन,जॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री वर्षा लकड़ा, चांदनी बड़ाईक,रोहित, सुमित,अनूप टोपनो, सलोनी तिर्की,कुणाल भारती, कस्मिता एवं आरोजित लोहरा उपस्थित रहे।

## झारखंड पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी के ईलाज के लिए कर चुके है करोड़ों खर्च

**डीआईजी नौशाद आलम की चौखट से नहीं लौटता कोई खाली हाथ, सब की भरते है वो झोली**



**रांची** ! झारखंड पुलिस हर पल आपके साथ जिस तरह से आम आदमी को किसी तरह की कोई परेशानी होती तो वह सीधे पुलिस थानों या पुलिस के अधिकारियों की चौखट पर जाकर अपनी समस्या बता है इस उम्मीद से की पुलिस त्वरित करवाई करते हुए उसकी समस्याओं का समाधान कर दे, लेकिन जब किसी तरह की कोई परेशानी पुलिस अधिकारियों को हो तो वो किसका दरवाजजा खटखटाए लेकिन इन दिनों झारखंड पुलिस के एक ऐसे तेजतर्रार आईपीएस इन दिनों कार्मिक डीआईजी के पद पर तैनात है जो झारखंड पुलिस के लिए फरिश्ता साबित हो रहे हैं, और उनके दर पर आया कोई भी झारखंड पुलिस का फरियादी कभी खाली हाथ नहीं लौटता, सब की झोली को वो भर के ही भेजते है.।

अभी ताज़ा मामला ये है कि पु.अ.नि रंजन कुमार की पत्नी काफी बीमार है, जिसके बाद झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने इस मामले में संज्ञान लेते हुवे झारखंड के कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम से मुलाकात कर पु.अ.नि रंजन कुमार की पत्नी के इलाज के लिए आर्थिक मदद के लिए निवेदन किया, पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक नौशाद आलम ने बिना देर किए तत्काल ही पु.अ.नि रंजन कुमार की पत्नी की इलाज हेतु एक लाख नगद राशि की सहायता प्रदान की, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री महताब आलम, ITS के सचिव श्रीकांत शर्मा एवं मेजर अभिनव कुमार पाठक की पहल से एक बार फिर कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम बीमार पुलिस ऑफिसर के परिवार के लिए मसीहा साबित हुवे, पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक नौशाद आलम के द्वारा आश्वास दिया गया कि जो भी और मदद होगी हर संभव मदद किया जायेगा, उन्होंने कहा कि डीआईजी होने के नाते मेरे पास एक लाख रुपए तक आर्थिक मदद करने की शक्ति है और मुझे बहुत ही खुशी होती है दूसरों की मदद कर के। मेरे पास जो भी मामले संज्ञान में आते हैं मैं बिना देर किए तत्काल करवाई करता हूं, वहीं झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री महताब आलम ने परिवार को आश्वासन दिया कि उनके साथ पूरी प्रांतीय टीम हमेशा खड़ी है पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक नौशाद आलम ने पु.अ.नि रंजन कुमार की पत्नी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है

## *पंचायत सहायक संघ 22 दिसंबर को बुलाई है बैठक*

***सरकार से रखेंगे अपनी लंबित मागों को***



***रांची*** *पंचायत सहायक संघ की बैठक 22 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में बैठक करेंगे। बैठक में पंचायत सहायक संघ की लंबित मागों पर विचार किया जाएगा। साथ ही पंचायत सहायक संघ की पुनर्गठन किया जाएगा।*

*पंचायत सहायक संघ के सक्रिय सदस्य अजीत कुमार चौधरी ने कहा कि पंचायत सहायक संघ की आवश्यक बैठक 22 दिसंबर को मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में बुलाई गई है। साथ ही संघ का पुनर्गठन किया जाएगा।*

## देवा गिरोह ने क्रशर संचालक अनूप सिंह से मांगी 20 लाख की रंगदारी




**राँची**। राजधानी राँची में एक और नया गिरोह की धमक हो गई है। बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड निवासी क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह से देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी ने 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दी गई है। इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बरियातू थाने में रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि वे विगत एक साल से टाटीसिलवे में क्रशर संचालन का व्यवसाय कर रहे है। उनको मोबाइल पर कॉल कर धमकी देते हुए कहा कि वह देवा गिरोह का सदस्य अविनाश तिवारी बोल रहा है। उसने कहा कि तुम्हारा बच्चा संत थॉमस स्कूल धुर्वा में पढ़ता है और तुम अंजली अपार्टमेंट में घर लिए हो। उसने कहा कि एक सप्ताह के अंदर 20 लाख रुपए का इंतजाम करके रखो,वरना जान से मरवा दूंगा। इस साल सितंबर में भी उन्हें धमकी भरा फोन आया था। जिसके संबंध में उन्होंने सिकिदरी थाना में सनहा दर्ज कराया था।इधर बरियातू थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## दिव्यांग जीतेन्द्र को डीसी ने किया सम्मानित



**रजरप्पा** लारीकलां निवासी सह दिव्यांग जितेंद्र पटेल को बीते दिनों उत्तर प्रदेश अयोध्या में सम्मानित किया गया था. इसको लेकर गुरुवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने जितेंद्र पटेल को शॉल ओढ़ाकर, पौधा भेंटकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. डीसी चंदन कुमार सहित रविंद्र कुमार गुप्ता, अतहर अली आदि ने जितेंद्र पटेल को उत्साह बढ़ाया. मौके पर डीसी ने कहा कि दिव्यांग किसी चीज में किसी प्रकार से कमजोर नहीं है, आज जो जितेंद्र पटेल करके दिखला रहे हैं, अच्छे-अच्छे लोग इसे बहुत कमजोर पड़ रहे हैं. झारखंड सरकार भी दिव्यांग खिलाड़ियों को उत्साहित करें और जनरल खिलाड़ी जैसा सामान्य राशि दिया जाए. मौके पर संदीप करमाली मौजूद थे. बताते चले किअयोध्या नगरी में राष्ट्रीय स्तर पर सौरभ सागर सेवा संस्थान ने दिव्यांग स्वाभिमान सम्मान- 2024 कार्यक्रम श्री हनुमत निवास, तुलसी घाट, अयोध्या उ.प्र में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ.

## सिल्ली कॉलेज में कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनाई गई



**सिल्ली**ः सिल्ली सिल्ली में बुधवार को तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती का जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 'भारतीय भाषा उत्सव 2024' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुकल्यान महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नकुल चंद्र महतो ने किया। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र के प्रो तिलक महतो, हिंदी के प्रो बिपन कुमार महतो, कुरमाली विभागाध्यक्ष प्रो सुबोध कांत महतो तथा इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो विश्वनाथ मुंडा ने मातृभाषा के प्रचार-प्रसार एवं संस्कृति के संरक्षण के प्रति अपने विचार व्यक्त किये। कालेज के छात्र -छात्राओं में पंकज, वरूण, सचिन, सोनिया, सानिया, चमेली, ललिता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए तथा गीत की प्रस्तुति दिया। मंच संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्यान महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो नकुल चंद्र महतो ने किया। इस मौके पर प्रो हरेंद्र नाथ महतो, प्रो सावित्री बाला, डॉ संजय प्रमाणित, प्रो पवन भगत, प्रो सुमित माहातो, प्रो अर्चना कुईरी, प्रो महितोष माहातो, डॉ मनोज कुमार महतो, प्रो.पुष्पा कुमारी, प्रो हुल्सी कुमारी, निखिल महतो, सुमंत महतो, कृष्णा नायक समेत छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# डीएवी में धूमधाम से मनाया गीता जयंती पर्व

**धार्मिक ग्रंथ चाहे रामायण, महाभारत, गीता, कुरान हो जीवन जीने की प्रेरणा देते हैंः पूनम दूबे**





**ओरमांझी**ः डीएवी स्कूल मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी में गीता जयंती पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं स्कूल के छात्र छात्राओं ने गीता चेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें आराध्या प्रकाश ( 5th )अंजलि चेतन (9th) रिफत आफरीन (4th)जानवी ( 5th) बबीता :(6th)तारा तृप्ति (5 th,) माहीराज (7th)नुपुर ( 9th) ने पुरस्कार जीते। मौके पर स्कूल के प्राचार्या पूनम दूबे के द्वारा छात्र छात्राओं को श्रीमद भागवत गीता पढने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र छात्राओं ने श्रीमद्भागवत गीता पुस्तक पर पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के प्राचार्या पूनम दूबे ने गीता जयंती के अवसर पर कहा कि हमारे जितने भी धार्मिक ग्रंथ हैं चाहे रामायण हो महाभारत हो श्रीमद्भागवत गीता हो कुरान हो यह हमें सही में जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं जिससे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं हम सब लोगों को नित्य प्रति श्रीमद्भागवत गीता का पाठ करना चाहिए जिससे प्रभु की असीम कृपा हम सब पर बरसे और हम अपने जीवन में निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर हो। इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं को धार्मिक साहित्य भी वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यापक अध्यापिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# टिकट बेच कर तो कमाते ही हैं, ट्रेन टिकट कैंसिलेशन से भी होती है रेलवे की हजारों करोड़ रुपये की कमाई



**भारतीयों की जीवन रेखा है भारतीय रेल (Indian Railways)। देश भर में चलने वाली रेलगाड़ियों में हर रोज करीब ढाई करोड़ लोग यात्रा करते हैं। इसके लिए हर रोज लाखों टिकट कटते हैं। करीब साढ़े बारह लाख टिकट तो रोज आईआरसीटीसी (IRCTC.co.in) ही काटती है। रेलवे की टिकट खिड़की से कटने वाले टिकटों की संख्या तो इससे अलग है। इनमें से काफी लोग टिकट कैंसिल भी करा लेते हैं।**

आपको पता है कि रेलवे टिकट कैंसिलेशन (Ticket Cancellation) से ही हर साल हजारों करोड़ रुपये कमा लेता है। हालांकि, कल ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में एक लिखित जवाब में बताया था कि रेलवे टिकट कैंसिलेशन से कितनी कमाई करता है, इसका अलग से हिसाब से नहीं रखा जाता है। हालांकि, कुछ साल पहले एक आरटीआई के जवाब में रेलवे ने इस बारे में कुछ खुलासा किया था। आइए जानते हैं कि टिकट कैंसिलेशन से कितनी कमाई होती है? **ट्रेन के टिकट कैंसिल क्यों होते हैं** रेलवे जब ट्रेन के टिकट बेचता है तो ये दो तरह के टिकट होते हैं। एक तो कंफर्म टिकट, दूसरा वेटलिस्टेड और आरएसी (RAC) टिकट। जब किसी ट्रेन का रिजर्वेशन चार्ट तैयार हो जाता है तो ढेरों पैसेंजर के टिकट वेटिंग लिस्ट या आरएसी में ही रह जाते हैं। यदि टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट से बनाया गया है तो वेटिंग लिस्ट वाले टिकट अपने आप कैंसिल हो जाते हैं। लेकिन काउंटर से बने टिकट को काउंटर पर जा कर कैंसिल करवाना पड़ता है। इसके अलावा, कुछ ऐसे भी पैसेंजर होते हैं, जिनके कार्यक्रम में तब्दीली हो जाती है। तो वे अपना टिकट कैंसिल करवा लेते हैं।

**कैंसिलेशन चार्ज क्या होता है**? जी हां, रेलवे में नियम है कि आप यदि कोई टिकट कैंसिल करवाते हैं तो उसके लिए आपको चार्ज भरना होगा। यह चार्ज भी अलग अलग है। यदि कोई कंफर्म टिकट आप ट्रेन के रवाना होने से 48 घंटे पहले तक कैंसिल कराते हैं तो आपको कैंसिलेशन पर फ्लैट चार्ज चुकाना होगा। यह AC First Class/Executive Class में 240 रुपये, AC 2 Tier/First Class में 200 रुपये, AC 3 Tier/AC Chair car/ AC 3 Economy में 180 रुपये और Sleeper Class तथा Second Class में 60 रुपये चुकाना होगा। इसमें आईआरसीटीसी की कोई हिस्सेदारी नहीं होती है।

**यदि 48 घंटे से कम का समय हो तो**? यदि आपने किसी ट्रेन के रवाना होने के 48 घंटे के अंदर कंफर्म टिकट कैंसिल कराया है तो आपसे ज्यादा पैसे काटे जाएंगे। रेलवे के नियम के अनुसार ट्रेन रवाना होने में 48 घंटे से लेकर 12 घंटे बचे हों तो आपके टिकट के किराये का 25 फीसदी हिस्सा काट लिया जाएगा। यदि ट्रेन रवाना होने में 12 घंटे से कम समय बचे हैं तो किराये की 50 फीसदी राशि काट ली जाएगी। यदि वेटिंग टिकट है तो सिर्फ ऊपर वर्णित कैंसिलेशन चार्ज काटा जाएगा।

**कैंसिलेशन चार्ज प्रति टिकट होता है या प्रति यात्री**? रेलवे ने कैंसिलेशन चार्ज के नियम में यह स्पष्ट किया है कि यह चार्ज प्रति टिकट नहीं बल्कि प्रति व्यक्ति वसूला जाता है। मान लिया जाए कि आपने सेकेंड एसी में एक टिकट में छह व्यक्ति का रिजर्वेशन कराया है और आप सभी छह टिकट कैंसिल करा लेते हैं। तो ऐसी स्थिति में आपको 1200 रुपये तो सिर्फ कैंसिलेश चार्ज के रूप में चुकाने होंगे। इसमें कोई मुरव्वत नहीं की जाती है।

**ई-टिकट लिया है तो आपकी ज्यादा जेब कटेगी** यदि आपने रेलवे की खिड़की से टिकट लिया है तो रेलवे सिर्फ कैंसिलेशन चार्ज काटता है। लेकिन आपने यदि ई-टिकट, मतलब कि आईआरसीटीसी की वेबसाइट से टिकट लिया है तो आपको कुछ और घाटा होगा। दरअसल, आईआरसीटीसी हर टिकट की बुकिंग पर Convenience fee वसूलती है। यह स्लीपर और सेकेंड क्लास के टिकट पर 15 रुपये और GST तथा एयर कंडीशंड क्लास के टिकट पर 30 रुपये और GST होता है। यह राशि पास और पीटीओ वालों से भी वसूली जाती है। टिकट कैंसिलेशन पर यह राशि भी वापस नहीं होगी।

**रेलवे को टिकट कैंसिलेशन से कितनी कमाई** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 11 दिसंबर 2024 को संसद में एक लिखित जवाब में बताया था कि रेलवे कैंसिलेशन टिकट से हुई कमाई का अलग से हिसाब नहीं रखता है। लेकिन फरवरी 2020 में कोटा के एक आरटीआई एक्टिविस्ट सुजीत स्वामी के एक सवाल के जवाब में रेलवे ने अहम जानकारी दी थी। रेल मंत्रालय के तहत काम करने वाले सेंटर फोर रेलवे इर्फोमेशन सिस्टम यानी क्रिस (CRIS) ने बताया था कि एक जनवरी 2017 से 31 जनवरी 2020 तक रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन चार्ज के रूप में 9,000 करोड़ रुपये कमाए थे।

आईआरसीटीसी की कितनी कमाई

आईआरसीटीसी की कितनी कमाई

रेलवे के टिकटों की बुकिंग पर आईआरसीटीसी किराये के अलावा जो कनवेनियंस फी वसूलती है, वह भी कंपनी की आमदनी का एक स्रोत है। संसद में पूछे एक सवाल के जवाब में 8 फरवरी 2023 को वैष्णव ने बताया था कि साल 2019-20 के दौरान आईआरसीटीसी ने कैंसिल्ड टिकट पर Convenience fee के रूप में 352.33 करोड़ रुपये, 2020-21 के दौरान 299.17 करोड़ रुपये, 2021-2022 के दौरान 694.08 करोड़ रुपये और साल 2022-23 के दौरान दिसंबर तक 604.40 करोड़ रुपये वसूले थे।

# एक दिन में पैसा डबल करने का मौका! आज से खुल गए 2 आईपीओ, ग्रे मार्केट में मचाई हुई है धूम



**आज गुरुवार को शेयर मार्केट में दो आईपीओ खुल गए हैं। इनमें एक मेन बोर्ड से है तो दूसरा एसएमई बोर्ड से है। दोनों आईपीओ को ग्रे मार्केट में जबरदस्त भाव मिल रहा है। मेन बोर्ड से खुले आईपीओ का नाम इन्वेंचुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड (Inventurus Knowledge Solutions) है।**

**नई दिल्ली**: शेयर मार्केट में इस हफ्ते आईपीओ की बहार आई हुई है। आज गुरुवार को भी 2 आईपीओ खुल गए हैं। इनमें एक आईपीओ मेन बोर्ड से और दूसरा एसएमई बोर्ड से है। दोनों आईपीओ को ग्रे मार्केट में जबरदस्त भाव मिल रहा है। एक का ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) करीब दोगुना है। एक दिन पहले यानी बुधवार को 5 आईपीओ खुले थे। आज जो दो आईपीओ खुले हैं, उनमें मेन बोर्ड से इन्वेंचुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड (Inventurus Knowledge Solutions) का आईपीओ भी शामिल है। इसमें रेखा झुनझुनवाला ने भी निवेश किया हुआ है। इसके अलावा एसएमई बोर्ड से यश हाईवोल्टेज (Yash Highvoltage) का आईपीओ है। **पैसा कमाने का आया मौका! MobiKwik समेत आज से खुले 5 आईपीओ, जानें क्या है ग्रे मार्केट में भाव** इस आईपीओ का इश्यू साइज 2497.92 करोड़ रुपये है। कंपनी ओएफएस के तहत 1.88 करोड़ शेयर जारी करेगी। कोई भी फ्रेश शेयर जारी नहीं किया जाएगा। इस आईपीओ में 16 दिसंबर तक बोली लगा सकेंगे। लिस्टिंग 19 दिसंबर को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू एक रुपये प्रति शेयर है। वहीं इसका प्राइस बैंड प्रति शेयर 1265 से 1329 रुपये के बीच है। एक लॉट में 11 शेयर हैं। इसके लिए 14,619 रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट बुक करा सकता है। **क्या है ग्रे मार्केट में भाव**? ग्रे मार्केट में इस आईपीओ को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसका जीएमपी अभी 422 रुपये है। ग्रे मार्केट के अभी के भाव के मुताबिक यह आईपीओ 31.75% के रिटर्न के साथ 1751 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। लिस्टिंग तक इसके ग्रे मार्केट भाव में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

यह एसएमई बोर्ड का आईपीओ है। इसका इश्यू साइज 110.01 करोड़ रुपये है। कंपनी 93.51 करोड़ रुपये के 64.05 लाख शेयर जारी करेगी। वहीं 16.50 करोड़ रुपये के 11.3 लाख शेयर ओएफएस के तहत जारी किए जाएंगे। यह आईपीओ 16 दिसंबर तक खुला है। इसकी भी लिस्टिंग 19 दिसंबर को हो सकती है। प्रति शेयर फेस वैल्यू 5 रुपये है। इसका प्राइज बैंड प्रति शेयर 138 से 146 रुपये है। एक लॉट में एक हजार शेयर हैं। इसके लिए निवेशकों को 1.46 लाख रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल निवेशक अधिकतम एक लॉट ही बुक करा सकता है।

**ग्रे मार्केट में जलवा** इस आईपीओ का जलवा ग्रे मार्केट में छाया हुआ है। इसका जीएमपी अभी 130 रुपये है। यानी यह शेयर करीब 90 फीसदी प्रीमियम के साथ 276 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो निवेशकों को पहले ही दिन करीब दोगुना फायदा हो सकता है। हालांकि इसके जीएमपी में भी लिस्टिंग तक बदलाव हो सकता है।

# अंबानी से 4 गुना ज्यादा अमीर हुए एलन मस्क, 38000000000000 रुपये पहुंची नेटवर्थ




**दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने एक और जादूई आंकड़ा छू लिया है। उनकी कुल नेटवर्थ 400 बिलियन डॉलर को पार कर गई है। इस आंकड़े को पार करने वाले वह दुनिया के पहले शख्स बन गए हैं। उनकी संपत्ति मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति से चार गुना ज्यादा हो गई है।**

**नई दिल्ली**: दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की दौलत 'दिन दोगुनी रात चौगुनी' बढ़ रही है। इस अमेरिकी कारोबार की दौलत को ऐसे पंख लगे हैं कि कुछ ही दिनों में यह 400 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक आज यानी गुरुवार को मस्क की नेटवर्थ 447 बिलियन डॉलर (करीब 38 लाख करोड़) हो गई। 400 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने वाले यह दुनिया के पहले शख्स बन गए हैं। **मुकेश अंबानी से कितना आगे**? मस्क की नेटवर्थ मुकेश अंबानी के मुकाबले चार गुना से ज्यादा हो गई है। मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 97.1 बिलियन डॉलर है। वहीं गौतम अडानी की नेटवर्थ 79.3 बिलियन डॉलर है। दुनिया के दूसरे अमीर शख्स अमेजन के जेफ बेजोस की नेटवर्थ मस्क के मुकाबले काफी कम है। बेजोस की नेटवर्थ 249 डॉलर है।

**एक दिन में कमाए 63 बिलियन डॉलर** मस्क ने पिछले 24 घंटे में 62.8 बिलियन डॉलर की कमाई की है। उनकी उनकी एक दिन की कमाई दुनिया के कई अरबपतियों पर भारी पड़ी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के 23वें सबसे अमीर की कुल नेटवर्थ 63.2 बिलियन डॉलर है। ऐसे में देखा जाए तो उनकी एक दिन की कमाई ने दुनिया के कई धनी व्यक्तियों की कुल नेटवर्थ को पीछे छोड़ दिया है।

वहीं इस साल मस्क ने अभी तक 218 बिलियन डॉलर की कमाई की है। अगर उनकी एक साल की कमाई को कुल कमाई मान लिया जाए तो इस मामले में वह दुनिया के चौथे सबसे अमीर होंगे। 200 बिलियन डॉलर से ज्यादा की कुल नेटवर्थ के मामले में एलन मस्क के बाद सिर्फ दो लोग ही हैं। इसमें जेफ बेजोस और मेटा के मार्क जकरबर्ग हैं। जकरबर्ग की नेटवर्थ 224 बिलियन डॉलर है।

**कैसे हुई मस्क की इतनी कमाई**? अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद मस्क की नेटवर्थ में काफी तेजी आई है। मस्क की दौलत उनकी कंपनी टेस्ला के शेयर में तेजी के कारण बढ़ी है। एक दिन पहले इसके शेयर में करीब 6 फीसदी की तेजी आई। ट्रंप ने 5 नवंबर को चुनाव जीता था। एक दिन पहले यानी 4 नवंबर को टेस्ला के शेयर की कीमत 242.84 डॉलर थी। आज गुरुवार को इसकी कीमत 424.77 डॉलर है। ऐसे में ट्रंप की जीत के बाद टेस्ला के शेयर में करीब 75 फीसदी का उछाल आया है। टेस्ला के अलावा मस्क की संपत्ति उनकी दूसरी कंपनियों xAI, स्पेसएक्स आदि के जरिए भी बढ़ी है।

# आंदोलन के बीच पीएम-किसान योजना की क्यों चर्चा, क्या बढ़ने वाली है रकम? सरकार ने साफ कर दिया



**पीएम-किसान योजना में फिलहाल कोई बदलाव नहीं होगा। किसानों को अब भी 6,000 रुपये सालाना मिलेंगे। यह राशि तीन किस्तों में उनके खाते में आएगी। सरकार ने अब तक 3.46 लाख करोड़ रुपये किसानों को दिए हैं। डिजिटल तकनीक के कारण बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई है। सरकार ने इस पर अपना जवाब दयिा है।**

**नई दिल्ली**: प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) बीते कुछ समय से लगातार चर्चा में है। किसान आंदोलन के बीच बार-बार इस तरह की अटकलें लगाई जाती रही हैं कि योजना के तहत सरकार सालाना राशि को बढ़ा सकती है। हालांकि, सरकार ने इस तरह की अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की है। सरकार ने संसद में बताया है कि पीएम-किसान योजना के तहत 6,000 रुपये की सालाना राशि बढ़ाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। यह योजना फरवरी 2019 में शुरू हुई थी। इसमें किसानों को सीधे उनके बैंक खाते में 6,000 रुपये सालाना दिए जाते हैं। यह पैसा 2,000 रुपये की तीन किस्तों में मिलता है। कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा है, 'पीएम-किसान के तहत लाभ राशि बढ़ाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।' उन्होंने बताया कि सरकार अब तक 18 किस्तों में 3.46 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा किसानों के खातों में डाल चुकी है। किसानों के लिए एक डिजिटल सिस्टम बनाया गया है। इससे बिचौलियों के बिना सभी किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है।

**क्या है पीएम-कसिान योजना का मकसद**? पीएम-किसान योजना किसानों की आय बढ़ाने में मदद करती है। यह योजना छोटे और सीमांत किसानों के लिए है। इसके जरिये उन्हें खेती के खर्चों में मदद मिलती है। सरकार सीधे उनके खाते में पैसा भेजती है। इससे उन्हें बिचौलियों से निपटने की जरूरत नहीं पड़ती। यह योजना पारदर्शी और कुशल है। अब तक करोड़ों किसानों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। **कसि तरह की लगाई जा रही थीं अटकलें**? मीडिया की कुछ रिपोर्टों में इस तरह की अटकलें जताई जा रही थीं कि केंद्रीय बजट 2025 में पीएम-किसान योजना के तहत मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी की उम्मीद है। किसानों को फिलहाल 6,000 रुपये सालाना मिलते हैं, जिसे बढ़ाकर 8,000 रुपये किया जा सकता है। यह बढ़ोतरी छोटे और सीमांत किसानों के लिए बड़ी राहत होगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला पूर्ण बजट होगा। इसलिए किसानों की उम्मीदें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से काफी ज्यादा हैं। पीएम-किसान योजना केंद्रीय सेक्टर योजना है।

# सरकार ने ऐसा क्या किया जिससे आपको होगी सीधी बचत, जमाखोरों की बढ़ेगी टेंशन?

**नई दिल्ली**: सरकार ने गेहूं की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। थोक विक्रेताओं के लिए स्टॉक सीमा 2,000 टन से घटाकर 1,000 टन कर दी गई है। खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन से घटाकर 5 टन प्रति आउटलेट की गई है। प्रोसेसर अपनी मासिक स्थापित क्षमता का 50% ही स्टॉक रख सकेंगे। सरकार गेहूं की कीमतों को काबू में रखना चाहती है। बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने और आम आदमी को सस्ता गेहूं उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार कोशिश कर रही है। जमाखोरी की वजह से गेहूं की कीमतें बढ़ जाती हैं। यही कारण है कि स्टॉक लिमिट तय की गई है।

# डिलीवरी बॉय और कैब ड्राइवर को मिलेगी पेंशन! सरकार बना रही है नई पॉलिसी, जानें और क्या मिलेंगे फायदे




**अब डिलीवरी बॉय और कैब ड्राइवर्स को भी पेंशन की सुविधा मिल सकती है। केंद्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है। इसके लिए सरकार नई पॉलिसी बना रही है। लेबर एंड एंप्लॉयमेंट सेक्रेटरी के मुताबिक गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट देने के लिए मंत्रालय काम कर रहा है।**

**नई दिल्ली**: सरकार डिलीवरी बॉय (गिग वर्कर्स) और कैब ड्राइवर्स को PF जैसी सुविधाएं दे सकती है। इसमें पेंशन भी शामिल है। इसके लिए सरकार नई पॉलिसी बना रही है। लेबर एंड एंप्लॉयमेंट सेक्रेटरी सुमिता डावरा ने कहा कि ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए सामान की डिलीवरी करने वालों और कैब ड्राइवरों सहित देश में गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट देने के लिए मंत्रालय काम कर रहा है। फाइनेंस मिनिस्ट्री और CII की ओर से आयोजित ग्लोबल इकनॉमिक पॉलिसी फोरम में डावरा ने यह भी कहा कि साल 2030 तक देश की कुल आबादी का 65% हिस्सा कामकाजी उम्र वाला होगा और दुनिया में लेबर की तंगी की समस्या से निपटने में भारत की बड़ी भूमिका होगी। **सरकार उठा रही कई कदम** डावरा ने कहा कि भारत ग्लोबल वर्कफोर्स में बड़ा योगदान करेगा क्योंकि अगले 10 वर्षों में दुनिया में आने वाली वर्कफोर्स में करीब 24% योगदान भारत का होगा। भारत में लेबर मार्केट के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को संगठित क्षेत्र में लाने के प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि साल 2017 से 7 करोड़ से अधिक लोग EPFO से जुड़े हैं और सरकार लोगों को रोजगार पाने लायक बनाने के लिए कई कदम उठा रही है।

**पूरे देश में लागू होगी पॉलिसी** डावरा ने कहा कि देश में पहली बार सोशल सिक्योरिटी कोड के तहत गिग वर्कर्स और प्लेटफॉर्म वर्कर्स की परिभाषा तय की गई। उन्होंने कहा कि मंत्रालय इन वर्कर्स के लिए सोशल सिक्योरिटी कवरेज पर काम कर रहा है। इससे पहले लेबर एंड एंप्लॉयमेंट मिनिस्टर मनसुख मांडविया ने कहा था कि गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट्स देने के लिए पॉलिसी बनाई जा रही है और इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा। **क्या है सरकार का प्लान**? कुछ समय पहले भी सरकार ने कहा था कि वह गिग वर्कर्स को सुविधाएं देने के लिए काम कर रही है। इसमें गिग वर्कर्स को रिटायरमेंट के बाद पेंशन देना भी शामिल है। श्रम और रोजगार मंत्रालय गिग वर्कर्स को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के जरिए पेंशन के दायरे में लाने के लिए सेवा क्षेत्र में काम कर रही सभी बड़ी एग्रीगेटर कंपनियों (स्विगी, जोमैटो आदि) से चर्चा कर रहा है।

# ईपीएफएफओ का बड़ा अपडेट... जल्द ही ATM से पीएफ निकाल सकेंगे आप, सरकार कर रही इंतजाम




**श्रम मंत्रालय बेहतर सेवाएं देने के लिए अपने आईटी ढांचे का आधुनिकीकरण कर रहा है। ईपीएफओ सदस्य अगले वर्ष से एटीएम मशीनों के माध्यम से अपने भविष्य निधि तक पहुंच सकेंगे। यह दावा निपटान प्रक्रिया को आसान बनाएगा। गिग कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों पर भी काम चल रहा है।**

**नई दिल्ली**: दिन दूर नहीं जब ATM से आप अपना पीएफ निकाल पाएंगे। श्रम मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। उसने बताया है कि 2025 तक आप ATM से सीधे अपना प्रॉविडेंट फंड (पीएफ) निकाल सकेंगे। मंत्रालय बेहतर सेवाएं देने के लिए अपने IT इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बना रहा है। इससे करोड़ों EPFO सदस्यों को फायदा होगा। यह कदम लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए उठाया जा रहा है। श्रम सचिव सुमिता डावरा ने बताया है कि EPFO सदस्य अगले साल से ATM मशीनों के जरिये अपने प्रॉविडेंट फंड तक पहुंच सकेंगे। इससे लोगों को अपना पैसा निकालने के लिए EPFO कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। यह व्यवस्था आम लोगों के जीवन को आसान बनाएगी। इस समय EPFO 7 करोड़ से ज्यादा सक्रिय सदस्यों को सेवाएं प्रदान करता है। यह बदलाव इन सभी सदस्यों के लिए फायदेमंद होगा। **लगातार सस्टिम में हो रहा है सुधार** श्रम सचिव ने कहा, 'हम दावों का निपटान जल्दी कर रहे हैं। जीवन को आसान बनाने के लिए इस प्रक्रिया को और सरल बनाने पर काम कर रहे हैं।' उन्होंने आगे बताया, 'एक क्लेमेंट, लाभार्थी या बीमित व्यक्ति ATM के जरिये आसानी से अपने दावों तक पहुंच सकेगा, जिसमें न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप होगा।' यह सुविधा लोगों के समय और मेहनत दोनों की बचत करेगी। सुमिता डावरा ने कहा कि सिस्टम लगातार विकसित हो रहे हैं। हर दो से तीन महीने में आपको महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिलेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनवरी 2025 तक एक बड़ा बदलाव नजर आएगा। सरकार EPFO सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसका उद्देश्य नागरिकों की सुविधा को बेहतर बनाना है। गिग वर्कर्स के सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में दावरा ने महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। हालांकि, उन्होंने कोई तारीख नहीं बताई। उन्होंने कहा, 'बहुत काम हो चुका है और हमने एक योजना की रूपरेखा तैयार की है जो अब अंतिम चरण में है।' प्रस्तावित लाभों में स्वास्थ्य कवरेज, प्रॉविडेंट फंड और विकलांगता सहायता शामिल हो सकती है। यह योजना गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगी। **सकारात्मक संकेत दे रहे हैं आंकड़े** गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के सामाजिक सुरक्षा और कल्याण लाभों के लिए एक ढांचा विकसित करने के लिए विभिन्न हितधारक प्रतिनिधियों के साथ समर्पित समिति का गठन किया गया है। यह समिति इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के हितों की रक्षा करेगी। संसद की ओर से पारित सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स की पहली औपचारिक परिभाषा पेश की गई। इसमें उनके कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रावधान शामिल किए गए हैं। यह कानून इन कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करता है।

रोजगार के आंकड़ों के बारे में श्रम सचिव ने बेरोजगारी के आंकड़ों में सकारात्मक रुझानों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, '2017 में बेरोजगारी दर छह फीसदी थी। आज यह घटकर 3.2 फीसदी हो गई है।'




उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में ताजा बर्फबारी के बाद हरसिल का बर्फ से ढका इलाका। यह नजारा यहां ठंड के मौसम में अक्सर देखा जा सकता है। पीटीआई

# भारत में अगले साल होने वाले प्रयागराज महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश में तैयारी काफी तेज हो गई है

*__नई दिल्ली:__ भारत के काठमांडू स्थित दूतावास और नेपाल पर्यटन बोर्ड ने संयुक्त रूप से 10 दिसंबर 2024 को पहली भारत-नेपाल पर्यटन मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अगले साल उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली महाकुंभ मेला के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ भारत और नेपाल के बीच सर्किट पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आपसी सहयोग बनाना था।* ***महाकुंभ 2025 पर प्रस्तुति*** *उत्तर प्रदेश सरकार की पर्यटन अधिकारी श्रीमती कीर्ति ने महाकुंभ 2025 पर एक प्रस्तुति दी, जिसमें इस कार्यक्रम का नेपाली श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम का समापन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) द्वारा समर्थित आठ सदस्यीय भारतीय कत्थक नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में भारत से 13 प्रतिनिधियों और नेपाल की तरफ से भी भागीदारी हुई है। चर्चा का मुख्य विषय सीमा पार पर्यटन को बढ़ावा देना था, विशेष रूप से भूमि मार्ग के माध्यम से। दोनों पक्षों ने रामायण और बौद्ध सर्किट सहित दोनों देशों के पर्यटकों के लिए यात्रा योजनाओं का भी जिक्र किया। उधर, नेपाल पर्यटन बोर्ड के सीईओ दीपक राज जोशी ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि भारत नेपाल के लिए विदेशी पर्यटकों का सबसे बड़ा स्रोत है और नेपाल पर्यटन बोर्ड द्वारा भारत-नेपाल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की गई है।*




***भारत में अगले साल होने वाले प्रयागराज महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश में तैयारी काफी तेज हो गई है। वहीं अब भारत इस महाकुंभ को दुनिया में सामने लाने के लिए विदेशों में भी कार्यक्रम कर रहा है। इसी के क्रम में नेपाल में एक टूरिज्म मीट का आयोजन किया गया।***

# साउथ कोरियाई प्रेसिडेंट बोले- मार्शल लॉ कानूनी फैसला था: लोकतंत्र बचाने के लिए संसद में सैनिक भेजे



सियोल साउथ कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक योल ने गुरुवार को टीवी पर संबोधन दिया। साउथ कोरिया में मार्शल लॉ लगाने वाले राष्ट्रपति यून सुक योल ने गुरुवार को टीवी पर संबोधन दिया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक उन्होंने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वे पद से नहीं हटेंगे और महाभियोग लगाए जाने के खिलाफ अंत तक लड़ते रहेंगे। यून ने कहा कि संसद में सैनिकों को भेजना विद्रोह नहीं है। लोकतंत्र को खत्म होने से रोकने और संसद में विपक्ष की तानाशाही का मुकाबला करने के लिए उन्होंने मार्शल लॉ लगाने का फैसला लिया। यह पूरी तरह से कानूनी था।

**यून ने कहा-** चाहे मेरे खिलाफ जांच की जाए या महाभियोग लाया जाए, मैं निष्पक्ष रूप से इसका सामना करूंगा रहूंगा। मैं आखिर तक लड़ता रहूंगा। इससे पहले 7 दिसंबर को राष्ट्रपति यून ने मार्शल लॉ लगाने के लिए देश से माफी मांगी थी। उन्होंने लाइव टीवी पर सिर झुकाकर जनता के सामने मार्शल लॉ लगाए जाने को गलत कहा था। तब उन्होंने कहा था कि ये फैसला कानूनी या राजनीतिक वजहों से नहीं बल्कि हताशा में लिया गया था। राष्ट्रपति ने पिछले शनिवार को महाभियोग प्रस्तानव से पहले मार्शल लॉ के लिए सिर झुकाकर माफी मांगी थी। राष्ट्रपति ने पिछले शनिवार को महाभियोग प्रस्तानव से पहले मार्शल लॉ के लिए सिर झुकाकर माफी मांगी थी।

**राष्ट्रपति बोले- लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहा विपक्ष** यूं ने विपक्ष पर सरकार के कामकाज को रोकने का आरोप लगाया। दरअसल मार्शल लॉ मामले के बाद साउथ कोरिया में राष्ट्रपति ने 673.3 ट्रिलियन वॉन (करीब 40 लाख करोड़ रुपए) का बजट पारित करने की कोशिश की, लेकिन मुख्य विपक्षी दल ने इसमें कटौती कर दी। विपक्ष के इस कदम से नाराज राष्ट्रपति ने कहा कि देश की विपक्षी पार्टी लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है। साउथ कोरिया में विपक्षी पार्टी ही बहुमत में है। संसद में 300 सीटों में से मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया (DPK) को 171 सीटें मिली हुई हैं। साउथ कोरिया में राष्ट्रपति को हटाने के लिए शनिवार को महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन यह फेल हो गया। इसके लिए 200 वोट की जरूरत थी, पर विपक्ष सिर्फ 195 वोट जुटा पाया। साउथ कोरिया में राष्ट्रपति को हटाने के लिए शनिवार को महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन यह फेल हो गया। इसके लिए 200 वोट की जरूरत थी, पर विपक्ष सिर्फ 195 वोट जुटा पाया।

**साउथ कोरिया में 4 दशक बाद मार्शल लॉ** साउथ कोरिया में राष्ट्रपति यून ने 3 दिसंबर की रात देश में मार्शल लॉ लागू कर दिया था। हालांकि, भारी विरोध के बाद उन्होंने 6 घंटों के भीतर ही अपना फैसला वापस ले लिया था। यून के इस कदम के बाद दक्षिण कोरिया में उनका काफी विरोध हो रहा है उन्हें पद से हटाए जाने की भी कोशिशें हो रही हैं। राष्ट्रपति की ही पार्टी के नेता अब उन्हें हटाने में जुट गए हैं। सत्ताधारी पीपुल्स पावर पार्टी (PPP) के महासचिव हान डोंग-हुन ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र सुरक्षित रहे इसके लिए राष्ट्रपति का हटना जरूरी है।

**राष्ट्रपति को हटाने के लिए फिर से प्रस्ताव लाएगा विपक्ष** पिछली बार शनिवार को राष्ट्रपति यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। लेकिन जरूरी 200 सांसदों का इसे समर्थन नहीं मिल पाया था। इसे लेकर हान ने कहा कि पिछली बार कई सांसद राष्ट्रपति को हटाने और न हटाने को लेकर भ्रम में पड़ गए थे और उन्होंने वोटिंग नहीं की थी। अब ये भ्रम की स्थिति दूर होनी चाहिए। हान ने कहा कि इसे रोकने का एक ही तरीका ये है कि हर सांसद संसद भवन में आए और अपने विवेक के आधार पर वोट डाले। साउथ कोरिया में विपक्षी पार्टी DPK राष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए दूसरी बार महाभियोग प्रस्ताव ला सकती है। यह प्रस्ताव शनिवार को लाया जा सकता है।

# एस्टेरॉयड, महामारी, एक पूरे देश की तबाही... नास्त्रेदमस की साल 2025 की डराने वाली भविष्यवाणियां




**नास्त्रेदमस का जन्म फ्रांस के एक गांव में 1503 को हुआ था। नास्त्रेदमस अपनी भविष्यवाणियों के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। 1566 में अपनी मौत से पहले उन्होंने कई दावे किए, जिसमें कई सही साबित हुए। उन्होंने आने वाले साल 2025 के लिए भी कई भविष्यवाणियां की हैं।**

**पेरिसः** फ्रांस के 16वीं सदी के भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस ने अपनी मौत से पहले की गई भविष्यवाणियों से हमेशा लोगों को हैरान किया है। नास्त्रेदमस की कई भविष्यवाणियों की सही साबित होने की बात कही जाती है। ऐसे में अगले साल यानी 2025 के लिए किए गए नास्त्रेदमस के दावे लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। उन्होंने 2025 के लिए कुछ चौंकाने वाली भविष्यवाणियां की हैं। इसमें युद्ध, महामारी, प्राकृतिक आपदा, एक देश में कयामत और एक विशाल क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने जैसे दावे हैं। नास्त्रेदमस को लंदन की भीषण आग, हिटलर का सत्ता में आना, 9/11 के हमले, कोविड महामारी और जापान में विनाशकारी भूकंप जैसी घटनाओं की भविष्यवाणी करने का श्रेय दिया जाता है। उनकी किताब लेस प्रोफेटीज (भविष्यवाणियां) 1555 में प्रकाशित हुई थी। इसमें 942 रहस्यमय छंद हैं, जिनकी व्याख्या वैश्विक घटनाओं की भविष्यवाणी के रूप में की जाती है।

**2025 के लिए नास्त्रेदमस ने क्या कहा है**

नास्त्रेदमस ने 2024 के लिए भविष्यवाणी की थी कि इस साल में महाद्वीप-व्यापी संघर्ष जारी रहेगा। इसे रूस और यूक्रेन की लड़ाई से जोड़ा गया। 2025 के लिए उनकी भविष्यवाणी है कि ये साल लंबे समय तक चलने वाले युद्धों में से एक समाधान ला सकता है।वित्तीय बर्बादी और युद्ध से थकावट के बाद दोनों पक्ष इसे छोड़ सकते हैं। नास्त्रेदमस इंग्लैंड के लिए क्रूर युद्धों और महामारी' की भविष्यवाणी करते हैं जो दुश्मनों से भी बदतर साबित होगी। माना गया है कि उन्होंनें बाहरी संघर्ष नहीं बल्कि आंतरिक संघर्ष, विशेष रूप से शाही परिवार के भीतर की कलह का जिक्र किया है। वहीं एक घातक रहस्यमयी बीमारी की वापसी पर नास्त्रेदमस का दावे पर एक्सपर्ट ने ध्यान दिया है क्योंकि कोविड पर उनका दावा ठीक था।

**धरती के करीब आएगा एस्टेरॉयड!** नास्त्रेदमस ने एक और अहम भविष्यवाणी में कहा है कि 2025 में एक विशाल क्षुद्रग्रह पृथ्वी से टकराने के खतरनाक रूप से करीब आएगा। उन्होंने लिखा है कि ब्रह्मांड से एक आग का गोला उठेगा, जो शुभ नहीं होगा। नास्त्रेदमस ने 2025 में ब्राजील के लिए कयामत की भविष्यवाणी की हैं। दक्षिण अमेरिकी देश को दुनिया का बगीचा कहते हुए वह जलवायु परिवर्तन से जुड़ी बाढ़ और संभावित ज्वालामुखी गतिविधि की भविष्यवाणी करते हैं। इससे ये पूरा देश डूब जाएगा। इन सब दावों ने दुनिया का ध्यान खींचा है लेकिन सिर्फ दावे हैं और इनकी सच्चाई पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

# अफगानिस्तान में बड़ा आतंकी हमला, तालिबान के मंत्रालय में घुसकर किया बम धमाका, मंत्री की मौत

**अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तालिबान सरकार के शरणार्थी मंत्री खलील रहमान हक्कानी की एक आत्मघाती हमले में मौत हो गई। यह हमला उनके मंत्रालय में हुआ था। वह हक्कानी नेटवर्क से जुड़े थे और तालिबान सरकार में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे। इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, लेकिन संभावना है कि यह इस्लामिक स्टेट या अन्य विरोधी समूहों का काम हो।**

**काबुलः** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार को एक आत्मघाती धमाका हुआ। इस धमाके में तालिबानी सरकार के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्री खलील-उर-रहमान हक्कानी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। बम विस्फोट इनके मंत्रालय की बिल्डिंग में ही हुआ। अफगानिस्तान पर 2021 में तालिबान के नियंत्रण के बाद यह पहली बार है जब किसी हाई-प्रोफाइल मौजूदा मंत्री की हत्या की गई है। खलील (58) हक्कानी नेटवर्क का एक प्रमुख सदस्य था, जिसने 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी से पहले उसके खिलाफ हिंसक विद्रोह का नेतृत्व किया था।

वह हक्कानी नेटवर्क के संस्थापक जलालुद्दीन हक्कानी के भाई और मौजूदा गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के चाचा हैं। किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन तालिबान को इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (ISKP) और नेशनल रेसिस्टेंस फ्रंट से टक्कर मिलती रहती है। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक आत्मघाती हमलावर आगंतुक के वेश में इमारत में घुस गया और जब हक्कानी कागजी कार्रवाई पर हस्ताक्षर कर रहे थे, तब उसने बम विस्फोट कर दिया।

**मृतकों की बढ़ सकती है संख्या** सत्ता पर कब्जा करने के शुरुआती दिनों में, खलील उन प्रमुख लोगों में से एक थे, जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई, पूर्व मुख्य कार्यकारी अब्दुल्ला अब्दुल्ला और हिज्ब-ए-इस्लामी प्रमुख गुलबुद्दीन हिकमतयार समेत अन्य अफगान नेताओं से संपर्क किया था। काबुल पुलिस ने एक बयान में कहा, 'हमें बहुत दुख के साथ यह खबर मिली है कि इस्लामिक अमीरात के शरणार्थी मंत्री खलील-उर-रहमान हक्कानी आज दोपहर दुश्मनों की ओर से किए गए बर्बर हमले में शहीद हो गए।' पुलिस ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।




# ब्रिटेन में चचेरे भाई-बहन की शादी बैन करने की मांग: सांसद ने कहा कि इससे आनुवांशिक बीमारियां बढ़ रहीं



**लंदन** ब्रिटेन में एक कंजर्वेटिव नेता ने संसद में चचेरे भाई-बहनों के बीच शादी पर रोक लगाने की मांग की है। BBC की रिपोर्ट के मुताबिक रिचर्ड होल्डन ने बुधवार को प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि चचेरे भाई-बहनों के बीच शादियों से हुए बच्चों में बीमारियां और विकलांगता का खतरा बहुत बढ़ गया है। यह पब्लिक हेल्थ सिस्टम को प्रभावित कर रहा है। सांसद ने ऑक्सफोर्ड जर्नल ऑफ लॉ एंड रिलीजन शोध का हवाला देते हुए कहा कि इन शादियों से होने वाले बच्चों में सामान्य बच्चों की तुलना में आनुवांशिक बीमारियां होने का खतरा दोगुना ज्यादा होता है। यह प्रथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। होल्डन ने कहा कि आधुनिक ब्रिटिश समाज के लिए यह प्रथा बिल्कुल भी सही नहीं है। देश के लिए चिंताजनक स्थिति पैदा हो गई है, क्योंकि उनके दादा-दादी के वक्त की तुलना में अब हालात ज्यादा खराब हो चुके हैं। हालांकि, पिछले कुछ साल से इसमें गिरावट आ रही है, क्योंकि कुछ युवा इस सिस्टम को नहीं मान रहे हैं, लेकिन फिर भी इस पर रोक लगाना जरूरी है। होल्डन ने कहा कि ब्रिटेन में कुछ प्रवासी समुदाय, जैसे कि ब्रिटिश-पाकिस्तानी और आयरिश ट्रैवलर्स में चचेरे भाई-बहनों के बीच विवाह दर ज्यादा है। इनमें करीब 40% शादियां फर्स्ट कजन (चचेरे भाई-बहनों) के बीच होती हैं।

**ब्रिटेन में फर्स्ट कजन मैरिज पर कानून नहीं**

सांसद ने कहा कि दुनियाभर में करीब 10% शादियां चचेरे भाई-बहनों में होती है। अफ्रीका के सहारा रीजन में 35 से 40 फीसदी लोग चेचेरे भाई-बहनों में शादी करते हैं। मिडिल ईस्ट और साउथ एशिया में भी यह कल्चर बेहद आम है। पाकिस्तान के कुछ हिस्से में तो यह 80% पहुंच चुकी है। ब्रिटेन में भाई-बहन, माता-पिता या फिर अपने ही बच्चे से विवाह पर बैन है, लेकिन चचेरे भाई-बहनों के बीच शादियों को लेकर वहां कोई कानून नहीं है। होल्डन के प्रस्ताव पर कई कंजर्वेटिव साथियों का साथ मिला। हालांकि, सरकार के समर्थन के बिना यह कानून बनना संभव नहीं है। **भारतीय मूल के सांसद बोले- बैन समाधान नहीं, जागरूकता बढ़ाएं** निर्दलीय ब्रिटिश सांसद इकबाल मोहम्मद ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है। उन्होंने संसद में कहा कि चचेरे भाई-बहनों की शादियों पर प्रतिबंध लगाना सही नहीं है। गुजराती मूल के सांसद ने कहा कि इस परेशानी को जागरूकता से ही दूर किया जा सकता है। इकबाल मोहम्मद मूल रूप से गुजरात के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि उप-सहारा अफ्रीकी आबादी का 35 प्रतिशत से 50 प्रतिशत हिस्सा तो चचेरे भाई-बहन की शादी को पसंद करते हैं।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान





# अपने यहां नए यंग एक्टर्स की कमी है

**एक हसीना थी, बदलापुर, अंधाधुंध, डायरेक्टर श्रीराम राघवन ने हिंदी सिने जगत को कुछ बेहतरीन थ्रिलर फिल्में दी हैं। उनकी पिछली फिल्म अंधाधुंध तो कल्ट फिल्मों में गिनी जाती है। वहीं, अब उनकी नई फिल्म मैरी क्रिसमस को लेकर भी फैंस में खूब उत्साह है।**

**आपकी पिछली फिल्म अंधाधुंध बहुत ही बड़ी हिट थी। उसके बाद नई फिल्म क्या बनाएं, इसे लेकर कोई दबाव था, क्योंकि आपकी फिल्मों से उम्मीदें बहुत बढ़ चुकी हैं? मेरी क्रिसमस को अगली फिल्म के लिए कैसे चुना?**
मैं आपकी बात समझ रहा हूं। अंधाधुंध को बहुत ज्यादा प्यार मिला, मगर मेरे पर ऐसा कोई दबाव नहीं था कि अब मुझसे ज्यादा उम्मीदें हैं, तो उस हिसाब से ज्यादा बड़ी या बड़े स्टार के साथ फिल्म बनाऊं। मैं वैसे सोचता नहीं हूं। मैंने अपनी शुरुआत राम गोपाल वर्मा के साथ एक हसीना थी से की है और मुझे याद है, जब सत्या आई थी तब सब इतने उत्साहित थे कि वाह क्या फिल्म है, ये है, वो है, पर रामू फिल्म रिलीज होने के चौथे दिन पनवेल में अपनी नई फिल्म कौन शूट कर रहे थे। वो सत्या के हिट होने के दबाव या एक्साइटमेंट का हिस्सा ही नहीं बने। मैं भी ऐसे ही सोचता हूं कि जो हुआ, वो हुआ, अब आगे क्या। मेरी क्रिसमस की कहानी मेरे पास चार-पांच साल से थी। मैं चाहता तो अंधाधुंध के बाद किसी बड़े स्टार को कास्ट कर सकता था पर ये कहानी ऐसी थी कि मुझे बहुत ही अनदेखी, अलग सी जोड़ी चाहिए थी। जब मैंने विजय सेतुपति और कटरीना कैफ की जोड़ी के बारे में अपनी टीम से बात की तो सब बहुत एक्साइटेड हो गए, तो मुझे लगा कि शायद लोगों को भी ये जोड़ी एक्साइटिंग लगेगी।

**आपको लगता है कि हमारी इंडस्ट्री रिस्क लेने से डरती है। आज बेशक आपकी हर कहानी को हाथों हाथ लिया जाएगा, पर तब आप जैसा सिनेमा बनाना चाहते थे, उस नएपन को सपोर्ट करने वाले कम होते हैं?**
आप सही कह रही हैं। आज मेरी खराब कहानी को भी शायद हां बोल देंगे, जो कि खतरनाक है। लेकिन पहले, जैसे जॉनी गद्दार की कहानी मैं जिसे भी सुनाता था, वो बोलता था कि ये तो नेगेटिव स्टोरी है। वो तो रामू ने मुझे एक मौका दे दिया क्योंकि उनको रमन राघव पसंद थी और उससे मुझे एंट्री मिल गई। मगर एक हसीना थी चली नहीं थी, इसलिए मुझे आगे फिल्में बनाने में टाइम लगा। वैसे, आज के टाइम में आप रिस्क नहीं लेंगे तो दिक्कत होगी, क्योंकि अभी ऑडियंस ने इतनी फिल्में देख ली हैं। अभी बहुत सी फिल्में बनी है तो बैरियर टूटा है लेकिन अभी भी ये है कि इस स्टार को लेकर आओ, उस स्टार को लेकर आओ। मेरे जो दोस्त पहली फिल्म बना रहे हैं, उनको प्रड्यूसर बोलते हैं कि इनको लो इनको लो। देखा जाए तो हमारे यहां ऐक्टर्स की कमी है, खासकर नए यंग ऐक्टर्स की तो जितने नए ऐक्टर्स आएं उतना अच्छा है। आप यकीन नहीं करेंगी कि अंधाधुंध की कहानी मैंने पांच-सात ऐक्टर्स को सुनाई थी। सबने मना कर दिया। मैंने आखिर में सोचा कि मैं नया लड़का लेता हूं। मैं नया लड़का ढूंढने लगा था, तभी एक दिन आयुष्मान का फोन आ गया।

**आपकी अगली फिल्म इक्कीस में पहले वरुण धवन थे, अब अगस्त्य नंदा लीड रोल में हैं। आपको क्यों लगा कि वरुण के बजाय अगस्त्य उस रोल में मुफीद रहेंगे?**
ये कहानी 21 साल के लड़के की है। अरुण खेत्रपाल परमवीर चक्र पाने वाले सबसे युवा जांबाज हैं। वो सिर्फ 21 साल की उम्र में शहीद हो गए थे। हमने कोविड के पहले वरुण के साथ टेस्ट किया था, थोड़ा बहुत शूट भी किया था। मैं उनको चाहता था लेकिन इस बीच वरुण की उम्र भी बढ़ी है। मैं खुद 21 साल के लड़के के रोल में उसे एक्सेप्ट नहीं कर पा रहा था तो मैंने वरुण से बात किया। उनको भी बात सही लगी। मुझे 21 साल का लड़का चाहिए था तो मैं नया लड़का लेना चाहता था। एक दिन दिनेश विजन ने कहा कि एक नया लड़का है, उसको मिलो। मैं गया, तब उन्होंने बताया कि ये अगस्त्य नंदा है और अगस्त्य की पर्सनैलिटी में वो बात है।



# अजय देवगन की रेड 2 में हुई रितेश देशमुख की एंट्री

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म रेड 2 पिछले कुछ दिनों से चर्चा में बनी हुई है। निर्माताओं ने फिल्म की घोषणा तो काफी पहले ही कर दी थी, लेकिन अजय देवगन की हीरोइन के नाम पर मोहर नहीं लगी थी। हाल ही में खबर सामने आई कि अजय के साथ वाणी कपूर नजर आएंगी। वहीं, अब मेकर्स ने फिल्म के विलेन के नाम पर मोहर लग दी है।

### विलेन के किरदार में दिखेंगे रितेश

रेड 2 भी टी-सीरीज के बैनर तले ही बन रही है। प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट साझा कर विलेन के किरदार में रितेश देशमुख के हिस्सा बनने की जानकारी दी है। तस्वीर साझा कर लिखा, टकराव के लिए तैयार हो जाएं। विलेन की भूमिका में आपका स्वागत है रितेश देशमुख। तस्वीरों में रितेश, अजय देवगन, रवि तेजा, वाणी कपूर और रेड 2 की टीम के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों पर रितेश के फैंस जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और खुशी जाहिर कर रहे हैं।

### पहली बार अजय के खिलाफ दिखेंगे रितेश

रेड 2 में रितेश देशमुख पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर अजय देवगन के खिलाफ होंगे। फिल्म में दोनों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा। अजय देवगन अधिकारी अमर पटनायक की भूमिका में नजर आएंगे और उनका लक्ष्य रितेश ही होंगे। फिल्म का पहला भाग रेड 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह पर आईटी विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए वास्तविक जीवन के आयकर छापे पर आधारित था। निर्देशक राजकुमार गुप्ता और निर्माता भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म की बड़े पैमाने पर शूटिंग मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में होने वाली है। रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। हाल ही में अजय देवगन ने भी फिल्म के मुहूर्त की तस्वीरें साझा की थीं। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# स्ट्रीमिंग को एक्सप्लोर करना चाहती हूं

बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर, इस साल फिल्मों में वापसी कर रही हैं, अगर उनसे टेंटपोल फिल्म या सीरीज के लिए संपर्क किया जाता है, तो वह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म तलाशने के लिए तैयार हैं! सोनम बताती हैं, मेरे लिए अच्छे कंटेंट और अच्छे सिनेमा का हिस्सा बनना ही मायने रखता है। जिस प्लेटफ़ॉर्म पर इसे रिलीज किया जा रहा है वह महत्वहीन है क्योंकि दुनिया बदल गई है। मैं स्ट्रीमिंग पर एक ऐसे प्रोजेक्ट में लीड करने के लिए उत्साहित हूं जो लोगों को प्रभावित करेगा। मुझे वहां के कंटेंट की विविधता बहुत पसंद है। सोनम स्ट्रीमिंग पर कंटेंट देखने की शौकीन हैं और खुश हैं कि कैसे प्लेटफॉर्म ने लोगों की कंटेंट भूख को बदल दिया है। वह कहती हैं, मैं हमेशा से स्ट्रीमिंग में अपना कदम रखना चाहती थी, बशर्ते कि मैं किसी ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर टेंटपोल फिल्म या सीरीज का नेतृत्व कर रही हूं। मैं वर्षों से स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म द्वारा बनाए जा रहे उत्कृष्ट कंटेंट की बहुत बड़ी दर्शक हूं। वह आगे कहती हैं, मेरा मानना है कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने हमारे देश के कंटेंट को आगे बढ़ाया है, इसे अधिक रचनात्मक रूप से विघटनकारी और गतिशील बनाया है। स्ट्रीमिंग कंटेंट ने विश्व स्तर के साथ-साथ भारत में भी जो स्तर स्थापित किया है वह अविश्वसनीय है।



# किसी प्रोपेगेंडा का हिस्सा नहीं बनेगी मैं अटल हूं

अभिनेता पंकज त्रिपाठी इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली और उभरते हुए सितारे हैं। इन दिनों पंकज अपनी अपकमिंग फिल्म मैं अटल हूं को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित है। फिल्म की रिलीज में महज कुछ दिन ही बचे है। वहीं, इसकी रिलीज से पहले पंकज त्रिपाठी ने खुलासा किया है कि निर्माताओं ने सुनिश्चित किया है कि फिल्म किसी प्रोपेगेंडा का हिस्सा नहीं बनेगी। पंकज त्रिपाठी ने एक साक्षात्कार में कहा, मैं अटल हूं समझदार और आकर्षक तरीके से बनाई गई है। यह अटल जी के जीवन की कहानी है और आजादी के बाद से भारत की यात्रा की भी। चुनाव कैसे होंगे, मतदान कैसे होगा, समाज कैसे बदला। इस बायोपिक का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ प्रेरणा देना भी है। पंकज ने आगे कहा, जब मैं पहली बार मैं अटल हूं सेट पर पहुंचा, तो मुझे आत्मविश्वास महसूस नहीं हुआ। मैं शूटिंग के पहले दिन कभी भी आश्वस्त नहीं होता, चाहे भूमिका कोई भी हो, काल्पनिक हो या गैर-काल्पनिक। मैं हमेशा सोचता हूं, मैं क्या करूंगा? मुझसे यह कैसे होगा? दो-तीन दिनों से मैं किरदार का सुर ढूंढने के लिए संघर्ष कर रहा था। त्रिपाठी ने आगे कहा, मैं अटल हूं की शूटिंग के पहले दिन मैं सभी ऊंचे-ऊंचे इशारे और उनकी मुद्राएं कर रहा था। मैं अटल जी की नकल नहीं करना चाहता था और न ही प्रोस्थेटिक्स मेकअप की मदद से उनके लुक के मामले में उनके करीब जाना चाहता था, मुझे उनकी आत्मा को पकड़ना था। साक्षात्कार में बातचीत के दौरान फिल्म के प्रोपेगेंडा बनने को लेकर पंकज ने कहा कि उन्होंने और उनकी टीम ने इसके प्रामाणिक होने के लिए हर संभव प्रयास किया है। यह फिल्म किसी प्रोपेगेंडा का हिस्सा नहीं बनेगी। पंकज ने आगे कहा, हम इसके बारे में जागरूक और सचेत थे, लेकिन हमारा पूरा उद्देश्य अटल जी के व्यक्तित्व को बड़े पर्दे पर सामने लाना था। चूंकि यह फिल्म एक बायोपिक है, इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना था कि चीजें तथ्यात्मक रूप से सही हो। मुझे लगता है कि व्यक्ति को स्क्रीन पर सबसे ईमानदार तरीके से पेश करना चाहिए। हम इंसान हैं, हमारे अंदर अच्छाइयां और कमियां दोनों हैं और इसे इसी तरह से स्क्रीन पर पेश किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि मैं अटल हूं 19 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पुणे हाईवे में नजर आएंगे अमित साध



अमित साध ने विभिन्न फिल्मों में अपने शानदार प्रदर्शन से कई लोगों का दिल जीता है, और दुरंगा 2 में उनकी भूमिका ने उनकी सफलता में और इजाफा किया है। अब, प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि पुणे हाईवे में उनके लिए क्या नया आने वाला है। अगर हम एक बात करे पुणे हाईवे के बारे में तो हम देखेंगे कि पुणे हाईवे के बारे में खूब बातें कर रहे हैं और हर कोई यह देखने के लिए उत्सुक है कि अमित साध इस नई फिल्म में कैसा अभिनय करने वाले हैं। हम अभी तक कहानी के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि यह दिलचस्प होने वाली है, और उम्मीद है कि अमित साध एक अद्भुत प्रदर्शन देंगे। ऑन स्क्रीन पर अपनी करिश्माई उपस्थिति के लिए मशहूर अमित साध में दर्शकों से जुड़ने की अनोखी क्षमता है। उनका प्रदर्शन सिर्फ अभिनय के बारे में नहीं है; वे यादगार पल बनाने के बारे में हैं जो दर्शकों के दिमाग में बने रहते हैं। पुणे हाईवे के क्षितिज पर होने के साथ, प्रशंसक इस नई सिनेमा यात्रा में उनके द्वारा लाए जाने वाले जादू को देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।

# दूसरी बार दूल्हा बनेंगे प्रतीक बब्बर



प्रतीक बब्बर बॉलीवुड के सबसे प्रतिभाशाली एक्टर्स में से एक हैं। राज बब्बर के एक्टर बेटे प्रतीक बब्बर फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। ये तो हम सब जानते हैं कि पत्नी सान्या से अलग होने के बाद एक्टर की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हुई थी। खबरें थी कि वह बार-बार देखो एक्ट्रेस प्रिया बनर्जी को डेट कर रहे हैं। वहीं वैलेंटाइन डे के मौके पर एक्टर नेअपने सीक्रेट रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया है। उन्होंने गर्लफ्रेंड के साथ इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर प्यार का इज़हार किया था। वहीं अब खबर आ रही है कि दोनों ने गुपचुप तरीके से सगाई कर ली। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर के एक करीबी दोस्त ने खुलासा किया है कि प्रतीक बब्बर और प्रिया बनर्जी एक दूसरे को अंगूठी पहना चुके हैं। कपल के रिश्ते की जानकारी देते हुए करीबी ने कहा- 28 नवंबर को प्रतीक का जन्मदिन आता है और उससे दो दिन पहले ही एक्टर ने प्रिया को प्रपोज कर दिया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे से सगाई कर ली।

# इमरान हाशमी ने बेटे के लिए किया भावुक पोस्ट



इमरान हाशमी न सिर्फ एक शानदार अभिनेता हैं, बल्कि एक जिम्मेदार पिता भी हैं। अभिनेता के बेटे अयान को 2014 में प्रथम चरण के कैंसर का पता चला था। इस बीमारी से पूरे परिवार ने डटकर सामना किया और 2019 में उनके बेटे ने कैंसर से यह जंग जीत ली। आज यानी 13 जनवरी को इमरान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने बेटे के साथ तस्वीरें और एक वीडियो साझा किया। साथ ही, अयान के कैंसर निदान के दस साल पूरे होने पर दिल छू लेने वाले नोट भी लिखा। इंस्टाग्राम पर साझा गई एक तस्वीर में पिता-पुत्र की जोड़ी को एक साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है। एक अन्य तस्वीर में इमरान को कैमरे के सामने अपने बेटे के कंधे पर हाथ रखते हुए देखा जा सकता है। तस्वीर शेयर करते हुए उनके एक पोस्ट में लिखा है, आज अयान की बीमारी का पता चलने के दस साल हो गए... हमारे जीवन का सबसे कठिन दौर, लेकिन विश्वास और आशा के साथ हमने इस पर काबू पा लिया। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उसने इस पर काबू पा लिया... और आज भी वह मजबूती के साथ खड़ा है। आपके प्यार और प्रार्थनाओं के साथ हमारे साथ खड़े रहने के लिए बहुत-बहुत आभार। एक अन्य पोस्ट में इमरान ने अपने बेटे के साथ एक तस्वीर और एक खूबसूरत पल को कैद करते हुए एक वीडियो भी साझा किया। इसमें अयान उस किताब का शीर्षक पढ़ रहे हैं जो उनके पिता ने उनके लिए लिखी थी। वीडियो में अयान को यह कहते हुए सुना जा सकता है, किस ऑफ लाइफ- कैसे एक सुपरहीरो और मेरे बेटे ने कैंसर को हराया। झलकियां साझा करते हुए, अभिनेता ने लिखा, कोई ऐसा व्यक्ति जिस पर मैं हमेशा निर्भर रह सकता हूं... मेरा बेटा, मेरा दोस्त, मेरा सुपरहीरो - अयान!!! अभिनेता को आखिरी बार सलमान खान और कैटरीना कैफ की अभिनीत फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था।



# भाग्यशाली हूं कि किलर सूप का हिस्सा बना

एक्टर मनोज बाजपेयी, जो डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म किलर सूप में नजर आ रहे हैं, ने साझा किया कि यह शो सिर्फ एक बार देखने के लिए नहीं है, और यह प्याज की परतों को छीलने जैसा है, इसमें खोजने के लिए हमेशा कुछ न कुछ होता है। वर्सेटाइल एक्टर ने कहा कि वह इसका हिस्सा बनकर भाग्यशाली हैं। कोंकणा सेन शर्मा स्टारर एक हेडलाइन न्यूज से प्रेरित, और मनोज एक महत्वाकांक्षी गृहिणी की मनोरंजक कहानी का वर्णन करते हैं जो एक रेस्तरां के मालिक होने और सूप रेसिपी को सही करने के अपने सपने का पीछा करती है, लेकिन झूठ और कवर-अप के जाल में फंस जाती है। एक्टर ने दर्शकों से सीरीज को बार-बार देखने का आग्रह किया है, और एक बेहतर मनोरंजन अनुभव के लिए प्रत्येक एपिसोड का आनंद लेने के महत्व पर जोर दिया है। मनोज ने कहा, किलर सूप सिर्फ एक बार देखने वाली फिल्म नहीं है। सीरीज में की गई कलात्मकता और प्रयास की वास्तव में सराहना करने के लिए, मैं दर्शकों से इसे कम से कम तीन बार देखने का आग्रह करता हूं। हर बार देखने से नई अनुभूतियां सामने आएंगी और पात्रों और उनके संकल्पों के साथ गहरा संबंध बनेगा। प्रभाकर प्रभु शेट्टी और उमेश शेट्टी की दोहरी भूमिका निभाने वाले मनोज ने साझा किया, यह प्याज की परतों को छीलने जैसा है, इसमें खोजने के लिए हमेशा कुछ न कुछ होता है। कहानी और पात्रों में बहुत सारे सूक्ष्म तत्व हैं, जिन पर यदि आप बारीकी से ध्यान नहीं देंगे तो आप चूक सकते हैं। हर कहानी अपने किरदार खुद चुनती है। मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए भाग्यशाली हूं।

# टाइगर 3 मेरे दिल के बहुत करीब है



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में उनका सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है। सलमान की नवीनतम रिलीज टाइगर 3 अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है। उसी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, टाइगर फ्रेंचाइजी को पहली फिल्म से ही सभी प्लेटफार्मों चाहे वह थियेटर हो, या सैटेलाइट भरपूर प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा, यह देखना आश्चर्यजनक लगता है कि टाइगर 3 पहले सिनेमाघरों और अब स्ट्रीमिंग पर कैसे हिट रही। उन्होंने कहा, मैं अपने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने दर्शकों के साथ संपर्क में हूं और मैं अब टाइगर 3 के ओटीटी पर आने के बाद लोगों का प्यार देख सकता हूं। सलमान ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है और मुझे खुशी है कि टाइगर 3 को दुनिया भर के लोग पसंद कर रहे हैं। सलमान ने आगे कहा, टाइगर 3 एक ऐसी फिल्म है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। जब यह सिनेमाघरों में हिट हो गई तो यह बेहद निजी लगा और अब यह रिलीज होने के कुछ ही दिनों के भीतर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिट हो गई है। उन्होंने कहा, टाइगर हमेशा लोगों का मनोरंजन करने के लिए मौजूद रहेंगे। टाइगर 3 में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं।

# सचिन तेंदुलकर ने तेज गेंदबाज का करियर किया था बर्बाद, क्रिकेट छोड़ दिहाड़ी पर 'मजदूरी' करने को मजबूर

**कहते हैं कि सचिन तेंदुलकर ने कई गेंदबाजों का करियर तबाह किया। उनमें से एक भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के दौरान एडिलेड में मिला। वह एडिलेड के गेट नंबर 12 के अंदर पेंटिंग कर रहा था और घंटे के हिसाब से उसे पैसे मिलते हैं।**




**नई दिल्लीः** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे मुकाबले के दौरान एडिलेड ओवल के अंदर विलेज ग्रीन के गेट 12 पर एक व्यक्ति पेंटिंग कर रहा था। सिर पर कैप, आंखों पर गॉगल, चेक वाली शर्ट पहने कैनवास पर पेंटिंग करने के लिए हाथों में ब्रश लिए... कुल मिलाकर स्पोर्टी लुक। फैंस तस्वीरें खिंचवाने को आतुर थे। दूर से देखकर दो बातें लग सकती थीं कि वह या तो कोई मशहूर पेंटर हैं, या फिर क्रिकेट से जुड़ा कोई सेलिब्रिटी जो पेंटिंग सिर्फ विज्ञापन के लिए कर रहा होगा। खैर, इन दोनों ही बातों में एक बात कॉमन है। वह यह कि वह व्यक्ति बड़ा क्रिकेटर रह चुका है और फिलहाल मशहूर पेंटर है। जी हां, उस पेंटर का नाम हेनरी ओलोंगा है। यह वही ओलंगा हैं, जिनका क्रिकेट करियर भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एक पारी ने तबाह कर दिया। जिम्बाब्वे का यह पूर्व क्रिकेटर फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में रहा है, जबकि इससे पहले वह इंग्लैंड में थे। वह फिलहाल क्रिकेट से काफी दूर प्रोफेशनल पेंटर का काम करते हैं। उन्हें लाइव पेंटिंग के हर घंटे हिसाब से पैसे मिलते हैं। ओलंगा सामने हों तो सचिन पर सवाल होंगे ही। एक रिपोर्ट के अनुसार, जब उनसे सचिन और उस करियर तबाह करने वाले मैच के बारे में पूछा गया तो उन्होंने खुलकर बात की। उन्होंने कहा- फाइनल में वह पागल हो गए थे। मैंने बहुत सारे रन दिए। उन्होंने धमाल मचा दिया था। वह उस रात कमाल थे। वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। सचिन... मैं उनका सम्मान करता हूं। ओलंगा जिस मैच की बात कर रहे हैं वह मैच कोका कोला चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल था। 13 नवंबर 1998 को इस मैच में सचिन ने भयंकर तबाही मचाई थी। शारजाह का स्टेडियम था, जहां वैसे भी सचिन अपने दुर्दांत खेल के लिए कुख्यात (खौफ था उनका) थे। उन्होंने 92 गेंदों में 12 चौके और 6 छक्के उड़ाते हुए नाबाद 124 रन कूटे थे, जबकि टेस्ट स्पेशलिस्ट दौर में ओलंगा को 6 ओवरों में 50 रन पड़े थे।

# ऐसे चट्टान बन सकते हैं रोहित शर्मा, आउट करना होगा नामुमकिन! चेतेश्वर पुजारा ने दिया 'गुरु ज्ञान'

**एक समय था जब रोहित शर्मा और चेतेश्वर पुजारा एक टीम में साथ खेलते थे। फिलहाल चेतेश्वर पुजारा टीम इंडिया से लंबे समय से बाहर हैं। दूसरी ओर, रोहित शर्मा फॉर्म से जूझ रहे हैं, जबकि पुजारा ने उन्हें एक सलाह दी है।**



**नई दिल्लीः** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कप्तान रोहित शर्मा को सलाह दी है कि वे अपनी शुरुआती 20-30 रन धीमे और संभलकर बनाएं। ऐसा करने से उन्हें बड़ा स्कोर बनाने और टेस्ट मैचों में खराब फॉर्म से उबरने में मदद मिलेगी। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड ओवल में हुए टेस्ट मैच में दोनों पारियों में मिलाकर सिर्फ 9 रन बनाए। इसके अलावा, उनके पिछले छह टेस्ट मैचों में औसत केवल 11.83 है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की मौजूदा पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, और भारत को तीसरे टेस्ट में (14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू) रोहित की फॉर्म की सख्त जरूरत है। पुजारा ने कहा, 'सबसे पहले तो मैं चाहूंगा कि रोहित शर्मा जल्द से जल्द फॉर्म में लौटें। जब वे रन बनाते हैं, तो यह उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक असर डालता है। अगर कप्तान फॉर्म में नहीं होता, तो उसकी कप्तानी पर भी असर पड़ता है। रोहित शर्मा एक अनुभवी खिलाड़ी हैं।' उन्होंने आगे कहा- वह जानते हैं कि रन कैसे बनाने हैं। वे अभी खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं, लेकिन इस स्थिति में भी उन्हें एक अच्छी शुरुआत पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें शुरुआती 20-30 रन संभलकर बनाना चाहिए। इसके बाद वे इस शुरुआत को बड़े स्कोर में बदल सकते हैं। खासकर मैच के पहले हिस्से या शुरुआती 15 मिनट में उन्हें शुरुआत पर ध्यान देना चाहिए।' पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने भी कहा कि रोहित की फॉर्म उनकी कप्तानी में सफलता के लिए बेहद अहम है। हरभजन ने कहा, 'एक कप्तान के तौर पर मैं चाहूंगा कि रोहित शर्मा रन बनाएं। जब वह रन बनाते हैं, तो वह बेहतर सोचते हैं और बेहतर फैसले लेते हैं। चाहे खिलाड़ी कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह हमेशा अपने प्रदर्शन को लेकर चिंतित रहता है। इसमें कोई शक नहीं कि जब कोई खिलाड़ी रन बनाता है, तो वह बेहतर निर्णय लेता है।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी- मध्यप्रदेश, बड़ौदा, मुंबई और दिल्ली सेमीफाइनल मेंः MP ने सौराष्ट्र को 6 विकेट से हराया; यूपी 19 रन से हारा

**बेंगलुरु** वेंकटेश अय्यर ने मप्र की ओर से दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद 38 रन की पारी खेली। साथ ही 2 विकेट भी झटके। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश, बड़ौदा, मुंबई और पहुंच गए हैं। बुधवार को मध्यप्रदेश की टीम ने सौराष्ट्र को 6 विकेट से हराया। बड़ौदा ने बंगाल के खिलाफ 41 रन से जीत दर्ज की। वहीं मुंबई ने 224 रन का टारगेट 4 विकेट खोकर हासिल किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में दिल्ली ने उत्तरप्रदेश को 19 रन से हरा दिया। मप्र की ओर से वेंकटेश अय्यर ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 33 बॉल पर नाबाद 38 रन की पारी खेली। साथ ही 2 विकेट भी चटकाए। इधर, बेंगलुरु में बड़ौदा ने बंगाल को 173 रन का टारगेट दिया था। जवाब में बंगाल की टीम 131 रन पर सिमट गई। हार्दिक पंड्या को 3 विकेट मिले।

चौथे क्वार्टर फाइनल में मुंबई ने विदर्भ को 6 विकेट से हरा दिया। 221 रन का पीछा करने उतरी मुंबई ने 19.2 ओवर 224 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। वहीं बेंगलुरु में दिल्ली ने पहले बैटिंग करते हुए 193/3 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में यूपी की टीम 174 रन पर ऑलआउट हो गई। दिल्ली से अनुज रावत ने 33 बॉल पर नबाद 73 रन बनाए। 13 दिसंबर को टूर्नामेंट का सेमीफाइनल बेंगलुरु में खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल सुबह 11 बजे से बड़ौदा और मुंबई के बीच खेला जाएगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल शाम 4:30 बजे से मध्यप्रदेश और दिल्ली के बीच होगा। आगे स्कोर अपडेट... 1. मप्र बनाम सौराष्ट्रः वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 38 रन बनाए, 2 विकेट भी झटके



अलूर में मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग कर रही सौराष्ट्र ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। मध्यप्रदेश ने 174 रन का टारगेट 20वें ओवर की दूसरी बॉल पर 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। एमपी की ओर से अर्पित गौड़ ने 29 बॉल पर 42 रन बनाए, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 18 बॉल पर 28 रन जोड़े। वेंकटेश अय्यर 38 रन पर नाबाद लौटे। सौराष्ट्र की ओर से चिराग जानी ने 45 बॉल पर नाबाद 80 रन की पारी खेली। शेष बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा स्कोर नहीं कर सके। मप्र की ओर से वेंकटेश अय्यर और आवेश खान ने 2-2 विकेट झटके।

# न्यूज़ीलैंड क्रिकेटर बोले- भारत में मुझे फिक्सिंग में घसीटा गयाःमुझे लगा गैंग का हिस्सा हूं, वो मेरा ध्यान रखेंगे



**वेलिंग्टन** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर लू विंसेंट ने कहा है कि वे भारत में फिक्सिंग की दुनिया में दाखिल हुए और उन्हें फंसाया गया। पूर्व बल्लेबाज ने बताया कि इंडियन क्रिकेट लीग में खेलने के दौरान वे कैसे मैच फिक्सिंग की दुनिया में आ गए थे। उन्होंने बताया कि उस समय एक गिरोह का हिस्सा होने से उन्हें अपनेपन का एहसास हुआ, क्योंकि वे अवसाद से जूझ रहे थे।

46 साल के विंसेंट को 2014 में ECB ने मैच फिक्सिंग के लिए 11 बार आजीवन प्रतिबंध लगाया था, हालांकि पिछले साल प्रतिबंध को संशोधित कर उन्हें घरेलू क्रिकेट में शामिल होने की अनुमति दे दी गई। विंसेंट ने 2000 के दशक में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में शतक लगाकर अपने करियर की शुरुआत की थी। डिप्रेशन और मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण उनका इंटरनेशनल करियर 29 साल की उम्र में समय से पहले ही समाप्त हो गया था। मेरे अंदर प्रोफेशनल खिलाड़ी बनने की मानसिक क्षमता नहीं थी, इसलिए मैं 28 साल की उम्र में डिप्रेशन में चला गया। फिर मैं भारत चला गया और वहां मुझे फिक्सिंग की दुनिया में घसीटा गया। मैं खुद को गैंग का हिस्सा समझता था। एक ICL (इंडियन क्रिकेट लीग) मैच के दौरान विंसेंट। उन्होंने इंटरव्यू में इसी लीग की बात की।

एक ICL (इंडियन क्रिकेट लीग) मैच के दौरान विंसेंट। उन्होंने इंटरव्यू में इसी लीग की बात की। मुझे लगा रहा था कि मैं किसी गिरोह का हिस्सा हूं। इससे मुझे बेहतर महसूस हुआ, क्योंकि मैं सोच रहा था कि मैं एक मैच-फिक्सिंग गिरोह का हिस्सा हूं।

मैं ऐसे लोगों के साथ हूं जो मेरा साथ देंगे और कोई भी हमारे सीक्रेट नहीं जानता था। मुझे लगता है कि ज्यादातर बाइक गिरोह युवा बच्चों के साथ इसी तरह काम करते हैं। हां, वे युवाओं से इस तरह से तैयार करते हैं कि हम तुम्हारा ख्याल रखेंगे। लेकिन, तुम उस कार को दुकान में ले जाओ और उसे तोड़ दो।' मैंने 12 साल की उम्र से ही खुद को बड़ा किया है, इसलिए मैं हमेशा अपने आस-पास के लोगों के लिए काफी लचीला था। क्योंकि मैं प्यार पाना चाहता था, इसलिए आप आसानी से गुमराह हो जाते हैं। इसने मेरे पेशेवर करियर में सिर्फ पसंद किए जाने की चाहत, प्यार पाने की चाहत को साझा करने में बहुत बड़ा योगदान दिया।

**2014 में लगा था लाइफ टाइम बैन**

ECB ने 2014 में विंसेंट पर लाइफ टाइम बैन लगाया था। उसी साल फरवरी में विंसेंट ने कहा था कि बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दौरान बुकीज ने उनसे संपर्क किया। हालांकि, तब उन्होंने मैच फिक्सिंग की बात नहीं स्वीकार थी। उन पर दिसंबर 2013 में मैच फिक्सिंग के आरोप लगे थे। एक बार उन्होंने कहा था- 'माई नेम इज लू विंसेंट एंड आई एम ए चीट'। विंसेंट ने आगे कहा कि मैंने अपने पोजीशन का गलत इस्तेमाल किया और मैच फिक्सिंग के लिए पैसा लिया।

# ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने तीसरे वनडे में भारत को हरायाः3-0 से क्लीन स्वीप, ऐनाबेल सदरलैंड का शतक

**ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम ने तीसरे वनडे में भारत को 83 रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। पर्थ के वाका क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार को टॉस जीतकर भारत ने पहले बॉलिंग का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 298 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 45.1 ओवर में 215 रन बनाकर सिमट गई।**




ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ऐनाबेल सदरलैंड ने 110 रन की पारी खेली। उनके अलावा एश्ले गार्डनर ने 50 रन और ताहलिया मैक्ग्रा ने 56 रन की नाबाद पारी खेली। भारत से अरुंधति रेड्डी ने 4 विकेट लिए, जबकि एक विकेट दीप्ति शर्मा के नाम रहा। **मंधाना की सेंचुरी** टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम से उप कप्तान स्मृति मंधाना ने शतक लगाया। उन्होंने 109 बॉल पर 105 रन बनाए। स्मृति का यह 9वां वनडे शतक रहा। अपनी इस पारी के दौरान मंधाना ने 13 चौके और 1 छक्का लगाया। हरलीन देओल ने 39 रन का योगदान दिया। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सकीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर ने 5 विकेट लिए। एलाना किंग और मेगन शट ने 2-2 विकेट झटके। एनाबेल सदरलैंड को 1 विकेट मिला। **दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11** भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्ज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, मिन्नू मनी, साइमा ठाकोर, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और तितास साधु। ऑस्ट्रेलियाः ताहलिया मैक्ग्रा (कप्तान), फीब लिचफील्ड, जॉर्जिया वॉल, एलिस पैरी, बेथ मूनी (विकेटकीपर), एनाबेल सदरलैंड, एश्ले गार्डनर, सोफी मोलेनिक्स, एलाना किंग, किम गर्थ, मेगन शट।

**वेस्टइंडीज ने 10 साल बाद बांग्लादेश से वनडे सीरीज जीती**

वेस्टइंडीज ने सेंट किट्स में खेले गए दूसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली है। यह वेस्टइंडीज की बांग्लादेश के खिलाफ 10 साल में पहली वनडे सीरीज जीत है। वेस्टइंडीज ने रविवार को पहले वनडे में बांग्लादेश की लगातार 11 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ा था।

# मिचेल स्टार्क के दिल में आग लगाने का खामियाजा भुगत रहा भारत... रिकी पोंटिंग ने यशस्वी जायसवाल को बताया विलेन!

**भारतीय टीम ने पर्थ में जीत दर्ज की उसके हीरो थे यशस्वी जायसवाल। हालांकि, उन्होंने एक कॉमेंट किया, जिसने मिचेल स्टार्क को उकसाने का काम किया। रिकी पोंटिंग ने बताया कि किस तरह से यशस्वी ने मिचेल स्टार्क के दिल आग लगा दी थी।**



**दुबईः** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल की एक मजाकिया टिप्पणी ने मिशेल स्टार्क को दूसरे टेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया। पहले टेस्ट में, पर्थ में, जायसवाल ने दूसरी पारी में शानदार 161 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान उन्होंने मिशेल स्टार्क से मज़ाक में कहा कि 'तुम बहुत धीमा गेंद डाल रहे हो।' इस टिप्पणी पर स्टार्क ने हल्की मुस्कान दी, लेकिन दूसरे टेस्ट में एडिलेड में पहले ही गेंद पर जायसवाल को शून्य पर आउट कर अपनी जीत की कहानी लिख दी। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू एपिसोड में इस घटना पर चर्चा करते हुए कहा कि जायसवाल की इस टिप्पणी ने स्टार्क को और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, 'मिशेल स्टार्क बहुत शांत स्वभाव के हैं। वह ज्यादा घबराते नहीं, और अगर कोई बल्लेबाज कुछ कह भी दे, तो वो अक्सर मुस्कान के साथ जवाब देते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि उनकी ये मुस्कान उनके भीतर की आग को छुपाती है। उन्होंने एडिलेड में शानदार गेंदबाजी की।' 34 साल के मिशेल स्टार्क आधुनिक क्रिकेट के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक हैं। उनके नाम सभी प्रारूपों में 692 विकेट हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए लगभग हर बड़ा खिताब जीता है, जिसमें दो आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप (2015 और 2023), टी20 वर्ल्ड कप (2021), और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (2023) शामिल हैं। पोंटिंग ने स्टार्क की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने खेल के हर प्रारूप में खुद को कैसे ढाल लिया है, यह काबिल-ए-तारीफ है।उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ सालों में वह शायद अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उनकी गेंदबाजी में अब स्थिरता ज्यादा है और उनकी गति भी पहले जैसी है। वह पहले 150 किमी/घंटा से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते थे, और अब भी वह 140-145 किमी/घंटा की गति से लगातार अच्छा कर रहे हैं।' पोंटिंग ने आगे कहा, 'मैं उनके पर्थ और एडिलेड में पहले स्पैल से बेहद प्रभावित हुआ। खासतौर पर एडिलेड में उनकी गुलाबी गेंद के साथ गेंदबाजी अद्भुत थी। उनकी गुलाबी गेंद से सफलता का एक कारण यह है कि गुलाबी गेंद का व्यवहार सफेद गेंद जैसा है। और हम जानते हैं कि सफेद गेंद के साथ स्टार्क का रिकॉर्ड कितना शानदार है। यही वजह हो सकती है।'

# फीफा विश्व कप 2034 के मेजबान का हुआ ऐलान, सऊदी अरब में लगेगा फुटबॉल का महाकुंभ

**विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को 2024 फुटबॉल विश्व कप के मेजबान की घोषणा कर दी है। फीफा के अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो ने इसकी घोषणा करते हुए कहा है कि सऊदी अरब फीफा विश्व 2034 का आयोजन करेगा।**

**ज्यूरिखः** फुटबॉल की सबसे बड़ी संस्था फीफा ने ऐलान किया है कि सऊदी अरब 2034 में होने वाले विश्व कप आयोजन करेगा। इसके अलावा 2030 फीफा विश्व कप की भी घोषणा की गई है। 2030 विश्व कप की मेजबानी संयुक्त रूप से स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में होगा। इसकी घोषणा फीफा के अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो की है। सऊदी अरब के लिए मेजबानी को लेकर किसी तरह की चुनौती नहीं मिली। ज्यूरिख फीफा विश्व कप के लिए हुई बैठक में 200 से अधिक सदस्य देशों ने सर्वसम्मती से इसकी मंजूरी दी। सऊदी अरब की मेजबानी की घोषणा करते हुए फीफा के अध्यक्ष इनफैनटिनो ने कहा, 'हम फुटबॉल को और अधिक देशों में लाने की कोशिश कर रहे हैं। फीफा विश्व कप में हम अधिक से अधिक टीमों की भागीदारी चाहते हैं।' इसके साथ ही फीफा और सऊदी अधिकारियों ने कहा है कि 2034 विश्व कप की मेजबानी से महिलाओं के लिए स्वतंत्रता और अधिकारों का विस्तार सहित महत्वपूर्ण बदलाव लगाया जाएगा।

पाकिस्तान से इंटरनेशनल क्रिकेट का नामोनिशान मिट जाएगा? समझें कैसे भारत की जाल में फंस गया है महिला फुटबॉल विश्व कप कप भी हुई घोषणा ज्यूरिख में हुई बैठक में महिला फीफा विश्व कप की मेजबानी को लेकर भी घोषणा की गई। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने मंगलवार को घोषणा की कि 2027 में होने वाला महिला विश्व कप ब्राजील में 24 जून से 25 जुलाई




तक खेला जाएगा। यह पहला अवसर होगा जबकि दक्षिण अमेरिका के किसी देश में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महिला विश्व कप में कुल 32 टीम भाग लेंगी। स्पेन इस टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। उसने 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त मेजबानी में खेले गए महिला विश्व कप को जीता था। संभावना है कि फीफा अगले साल टूर्नामेंट के लिए ब्राजील के मेजबान शहरों और स्टेडियमों की घोषणा करेगा। कुल 12 स्टेडियमों ने इसमें दिलचस्पी दिखाई है जिनमें 2014 में पुरुष विश्व कप के मैचों मेजबानी करने वाले कई स्टेडियम भी शामिल हैं।

# रोमांच की सारी हद पार हो गई... आखिरी गेंद पर जिम्बाब्वे ने पलट दी बाजी, अफगानिस्तान को मिली हार

**हरारेः** तीन टी20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान को 4 विकेट से हरा दिया। मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानी टीम ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 6 विकेट के नुकसान पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस स्कोर के जवाब में जिम्बाब्वे ने आखिरी गेंद पर 145 रन बनाकर मैच को 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। इस तरह जिम्बाब्वे ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। अफगानिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे शुरुआत कुछ खास नहीं रही। टीम ने सिर्फ 11 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। गेंदबाजों के लिए इस मददगार पिच पर पहले विकेट के बाद जिम्बाब्वे के ओपनर बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे डायोन मायर्स के साथ मिलकर मोर्चा संभाल लिया। दोनों के बीच दमदार अर्धशतकीय साझेदारी हुई। ब्रायन बेनेट और डायोन मार्यस के आउट होने के बाद अफगानिस्तान की टीम मैच में दमदार वापसी की थी। सेट हो चुके इन दोनों बल्लेबाजों को आउट करने के बाद जिम्बाब्वे को अफगानिस्तान ने एक-एक रन के लिए तरसा दिया था। अंतिम ओवर तक ऐसा लगा कि अफगानिस्तान की टीम मैच को अपने नाम करेगी।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 खलमूटवा राव् रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर किनू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फ़ा नं .651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670